जबलपुर
बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

RENAULT TRIBER TCe

3 YEARS WARRANTY

100PS

RE-019-LT

शुरुआती कीमत
₹7.84 L*
625L बूट स्पेस*
7 सीटर फ़ैमिली कार
21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी

*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary depending on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (9) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

Renault recommends Castrol

renault.co.in

SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR: RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

आखिरी घंटे में शेयर बाजार में रॉकेट जैसी तेजी

सेंसेक्स 1100 अंक उछला, निवेशकों ने कमाए 4 लाख करोड़ से ज्यादा


फाइल फोटो

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार में जोरदार तेजी देखने को मिली। बीएसई का सेंसेक्स 1109 अंक यानी 1.54% उछलकर 73,033.78 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 358 अंक यानी 1.60% की बढ़त के साथ 22,721.95 के स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रु का इजाफा हुआ।

अब प्रमोशन में टीईटी बाधा नहीं

शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में राहत

2001 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मियों पर हाईकोर्ट ने सरकार को 60 दिन में फैसला लेने के दिए निर्देश

कोर्ट ने कहा

सक्षम अधिकारी शिक्षाकर्मियों के लंबित आवेदनों पर विचार कर स्पष्ट कारणों के साथ निर्णय लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 के साथ वर्ष 1997 से 1999 के बीच नियुक्त शिक्षाकर्मियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर मप्र हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से छूट देने की मांग पर 60 दिन में फैसला लेने के निर्देश दिए हैं।



न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने 12 अक्टूबर को यह आदेश दिया। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने के 60 दिनों के भीतर सक्षम अधिकारी सभी लंबित आवेदनों पर कानून के अनुसार विचार करें और कारण बताते हुए अपना निर्णय दें। फैसले की जानकारी संबंधित शिक्षाकर्मियों को भी देनी होगी। हालांकि, हाईकोर्ट ने शिक्षाकर्मियों को टीईटी से छूट देने या पदोन्नति में राहत देने का अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। कोर्ट ने केवल सरकार को लंबित आवेदनों पर तय समय में निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही याचिका का निराकरण कर दिया गया। जिसके बाद अब संबंधित शिक्षाकर्मियों की निगाहें शासन के फैसले पर हैं।

शिक्षाकर्मियों ने याचिका में यह कहा

दरअसल, अनिल कुमार तोमर और अन्य याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि 3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 के साथ वर्ष 1997 से 1999 के बीच नियुक्त शिक्षाकर्मियों को टीईटी पास करने की अनिवार्यता से छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित न्यायिक फैसलों का हवाला देते हुए पदोन्नति के लिए भी टीईटी की अनिवार्यता से राहत मांगी थी।


फाइल फोटो

सरकार के वकील ने नहीं जताई मांग पर आपत्ति

सुनवाई में याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस संबंध में सक्षम अधिकारी के पास आवेदन दिए गए थे, लेकिन उन पर निर्णय नहीं हुआ। इसलिए मांग की गई कि आवेदनों पर फैसला लेने के लिए समय-सीमा तय की जाए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने भी इस मांग पर आपत्ति नहीं जताई।

खबर संक्षेप

केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने दिया इस्तीफा, लिखी मन की बात

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मंत्री पद और राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि वह 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने के लिए पूरा समय देना चाहते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पांच साल तक काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। अब वह उस काम पर लौटना चाहते हैं।



लिफ्ट में फंसे पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा

ग्वालियर। पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के लिफ्ट में फंसने का मामला सामने आया। वे जयेंद्रगंज क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर की नई ब्रांच का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इसी दौरान तीसरे फ्लोर पर जाते समय लिफ्ट दूसरे फ्लोर पर तकनीकी खराबी के कारण अटक गई। करीब 10 से 15 मिनट की मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने लिफ्ट का दरवाजा खोलकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।



संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का लगाया आरोप

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वोट चोरी के कांग्रेस सबूत दे, कोर्ट में हलफनामा दे

एसआईआर से वोट चोरी तो कांग्रेस 6 मुख्यमंत्रियों से इस्तीफा दिलवाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मंगलवार को चुनाव आयोग पर कांग्रेस के सवालों का भाजपा ने दिया जवाब, आपातकाल से लेकर सीईसी की नियुक्तियों तक घेरा

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि राहुल गांधी रोज चुनाव आयोग पर गंभीर और झूठे आरोप लगाते हैं, लेकिन बार-बार मांगने पर भी एक भी हलफनामा या ठोस सबूत पेश नहीं करते। गोयल ने राहुल गांधी के व्यवहार की आलोचना करते हुए कहा कि केवल एक डरपोक और कायर व्यक्ति ही बिना जिम्मेदारी उठाए बेबुनियाद आरोप लगाकर भाग जाता है।

उन्होंने राहुल गांधी को खुली चुनौती दी कि यदि उनमें हिम्मत है तो वे अपने आरोपों के समर्थन में चुनाव आयोग या अदालत के सामने शपथ पत्र पर सबूत पेश करें। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर में वोट चोरी हुई है तो कांग्रेस अपने और अपने समर्थित राज्यों के 6 मुख्यमंत्रियों से इस्तीफा दिलवाए। कांग्रेस के मुताबिक ये सीएम वोट चोरी से ही बने हैं। गोयल ने राहुल के दोहरे चरित्र पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस बिहार पर क्यों नहीं बोली?

क्योंकि, वहां का चुनाव व मंत्रिमंडल कांग्रेस के अनुसार अवैध है


पीयूष गोयल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए

- ***गोयल के मुताबिक राहुल का आरोप लगाना और भाग जाना (शूट एंड स्कूट पॉलिसी) सारा देश देख रहा है***
- ***केंद्रीय मंत्री ने बेबुनियाद आरोपों और बिना सबूत के बयानबाजी पर राहुल को कायर व डरपोक करार दिया***

गोयल ने कहा ये भी रिश्वत जैसा ही

- दो सीईसी को कांग्रेस ने राज्यपाल बनाया
- एक को कैबिनेट में लिया
- एक को पद्म पुरस्कार दिया
- एक को आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़वाया

कांग्रेस पहले अपना ट्रैक रिकॉर्ड देख ले

गोयल ने कहा कि कांग्रेस चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाती है, लेकिन अपने काम को, अपने ट्रैक रिकॉर्ड को पूरी तरह नजरअंदाज करती है। राहुल गांधी/कांग्रेस के इतिहास पर नजर डालें तो इन्होंने एक मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को टिकट देकर चुनाव उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद एक सीईसी को यूनियन कैबिनेट का हिस्सा बनाया था।

क्या यह राजनीतिक रोटियां सेंकना नहीं?

गोयल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन की ईमानदारी का बखान किया करती थी। इसके बाद साल 1999 के चुनाव में कांग्रेस ने टीएन शेषन को लालकृष्ण आडवाणी के सामने उम्मीदवार बनाया।

राहुल से गोयल के 10 सवाल

1. वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा क्यों नहीं दिया
2. बिहार में एसआईआर के दौरान चुप क्यों रहे
3. चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सवाल क्यों
4. कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर की तारीफ क्यों की
5. टीकाराम मीणा को कांग्रेस की समिति में जगह क्यों मिली
6. रतन यू. केलकर को मुख्यमंत्री का सचिव क्यों बनाया गया
7. सीईसी रहते एमएस गिल को पद्म विभूषण देना क्या रिश्वत थी
8. ममता बेनर्जी को लेकर कांग्रेस का रुख क्या है
9. आरके त्रिवेदी को राज्यपाल और टीएन शेषन को टिकट क्यों दिया गया
10. नवीन चावला की नियुक्ति को लेकर सवाल क्यों उठे


चाय पार्टी के बाद विपक्षी गठबंधन ने प्रेस से बात की

एलओपी के घर पर विपक्षी नेताओं की चाय पार्टी

जिम्मेदार लोगों को न्याय के 'कठघरे' में लाने का वादा

राहुल बोले- लोकतंत्र को बचाना हमारा लक्ष्य विपक्ष एकजुट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के घर पर मंगलवार शाम को विपक्षी नेताओं की चाय पार्टी हुई। इसमें आंदलन की आगामी रणनीति तय की गई। इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद राहुल ने कहा कि विपक्ष जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से रोकने के फैसले को चुनौती देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र और चुनाव व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया गया है। राहुल ने कहा कि पूरा विपक्ष एकजुट है और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका के साथ जनता का संघर्ष लोकतंत्र बहाल होने तक जारी रहेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम यहां एकजुट होकर खड़े हैं। यह अलग-अलग नहीं, एक ही आंदोलन है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि जिस तरह हमने ऊर्जा, ताकत और एकता के साथ एकजुट होकर काम किया।

जंतर मंतर पर धरना बैन...

हम सरकार की सोच को चुनौती देंगे

राहुल ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का एक माध्यम जंतर-मंतर था। हम सरकार की इस सोच को चुनौती देने जा रहे हैं। सरकार के लिए यह तय कर देना इतना आसान नहीं होगा कि भारत के लोग अपनी आवाज उठाने के लिए संघर्ष नहीं करेंगे। जिन लोगों ने यह सब किया है, उन्हें समझना होगा कि अब उनके चारों ओर घेरा कसता जा रहा है। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हैं, जो इसके मुख्य सूत्रधार हैं। गृह मंत्री अमित शाह इसे लागू करने वाले हैं। ज्ञानेश कुमार और अन्य लोग भी इसमें शामिल हैं।


रथयात्रा के दौरान उमड़ रही भारी भीड़

दमोह में धीरेंद्र शास्त्री की बेटियों से अपील

तुम दुर्गा बनो, तुम काली बनो लेकिन बुर्के वाली मत बनना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के दौरान बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि तुम दुर्गा बनो, तुम काली बनो, लेकिन कभी बुर्के वाली मत बनना। उन्होंने सोशल मीडिया की रील देखकर प्रभावित होने के बजाए जीवनसाथी चुनते समय सतर्क रहने की सलाह दी।

- बेटियों को दी रील से प्रभावित होकर जीवनसाथी चुनने से बचने की सलाह, कहा- सुंदर चेहरा अच्छे चरित्र की गारंटी नहीं

7 घंटे देरी से पहुंचे, सुबह चार बजे तक लगा दिव्य दरबार

दमोह जिले की धर्मनगरी हटा में धीरेंद्र शास्त्री की रथयात्रा करीब सात घंटे की देरी से पहुंची, लेकिन देर रात दो बजे तक हजारों श्रद्धालु उनके स्वागत और दर्शन के लिए डटे रहे। दरबार का सिलसिला सुबह करीब चार बजे तक चला। करीब पांच साल बाद हटा पहुंचने पर उन्होंने श्रद्धालुओं के उत्साह पर प्रसन्नता जताई।

राजगढ़ में नदी फिर कचरे से पटी

अजनार नदी दोबारा साफ करने पानी में उतरे बिट्टू

आठ महीने की मेहनत पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़


सुरेंद्र सिंह चौधरी (बिट्टू तबाही)

मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की अजनार नदी को आठ महीने की मेहनत से साफ करने वाले 21 वर्षीय सुरेंद्र सिंह चौधरी उर्फ बिट्टू तबाही को नदी में दोबारा गंदगी देखकर निराशा हुई। 12 अक्टूबर को वीडियो साझा कर उन्होंने लोगों से नदी में पॉलीथिन, फूल-माला और कचरा नहीं फेंकने की अपील की। उन्होंने लिखा कि आठ महीने की मेहनत इस तरह बर्बाद हो जाएगी।

बिजली कटौती पर किसानों ने चेताया

दशहरे तक 'समस्याएं' नहीं सुलझाईं तो सड़कों पर उतरेंगे

किसानों ने कहा- गांवों में रात 10:30 बजे काट रहे बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


भारतीय किसान संघ के अधिकारी

प्रदेश में बिजली कटौती, खाद-बीज की कमी, सूखे जैसे हालात और फसलों की खरीदी को लेकर भारतीय किसान संघ ने सरकार को दशहरे तक का अल्टीमेटम दिया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं का जल्द निराकरण करे, नहीं तो संघ बड़ा आंदोलन करेगा।

अभियोजन की अनुमति नहीं दी तो काम पर लौटे

24 दिन बाद पटवारियों ने शुरू किया रजिस्ट्री का काम

बर्खास्तगी और निलंबन रद्द करने की मांग बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


फाइल फोटो

मध्य प्रदेश में पिछले 24 दिनों से स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री का काम रोककर बैठे पटवारियों ने आखिरकार काम शुरू कर दिया है। सरकार की ओर से रजिस्ट्री में निष्पादक की भूमिका निभाने वाले पटवारियों के खिलाफ अभियोजन की अनुमति नहीं देने संबंधी आदेश जारी किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। हालांकि, पटवारी संघ बर्खास्तगी और निलंबन के आदेश वापस लेने की मांग पर अड़ा हुआ है।

कार मालिक पंक्चर कार को हाईवे पर छोड़ गया था, अगले दिन वह जली हुई मिली

बीमा कपंनी की दलील थी कि पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू को बिना देख-रेख के नहीं छोड़ना चाहिए था

पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू, कोर्ट पहुंच गया मालिक...14 साल बाद इंश्योरेंस कंपनी भरेगी 70 लाख का जुर्माना

एजेंसी ⏭ मुंबई

रात के अंधेरे में हाईवे पर कार पंक्चर होने के बाद उसे लॉक करके घर जाना एक बीएमडब्ल्यू मालिक को भारी पड़ गया, जब अगले दिन कार जली हुई मिली और इंश्योरेंस कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। हालांकि, 14 साल की लंबी लड़ाई के बाद आखिरकर इंश्योरेंस कंपनी को अब मुआवजा देना पड़ेगा।

बड़ा फैसला

दरअसल, इंश्योरेंस कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस ने तर्क दिया था कि उस व्यक्ति को पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू को बिना देख-रेख के नहीं छोड़ना चाहिए था। हालांकि, महाराष्ट्र के कंज्यूमर कमीशन ने कंपनी के तर्कों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि गाड़ी की सुरक्षा के लिए कोई अपनी निजी सुरक्षा जोखिम में नहीं डाल सकता।


फाइल फोटो

2012 की है घटना

यह घटना साल 2012 की है, जब महाराष्ट्र के ढोलखेड़ के पास एक स्टेट हाईवे पर गाड़ी चला रहे रविकांत एस. की बीएमडब्ल्यू कार पंक्चर हो गई। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे एक ढाबे के पास खड़ी कर लॉक की और दूसरी गाड़ी से घर चले गए। अगले दिन सुबह जब ढाबे के पास वह कार लेने पहुंचे।

कंज्यूमर कोर्ट बोला...

सिर्फ गाड़ी की सुरक्षा के लिए अपनी निजी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता

इसके बाद यह मामला कंज्यूमर कोर्ट में चला गया। कंज्यूमर कमीशन ने यह भी कहा कि सिर्फ गाड़ी की सुरक्षा के लिए अपनी निजी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को मानसिक परेशानी और उत्पीड़न के लिए 50,000 रुपए और कानूनी कार्यवाही के खर्च के तौर पर 25,000 रुपए देने का भी निर्देश दिया गया।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

जबलपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026 haribhoomi.com

नई दिल्ली में सॉलिसिटर जनरल मेहता से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात, बनाई रणनीति

सरकार जल्दी ही इस मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट करेगी

27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर मोहन सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी

aहरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरकार के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के विकल्प पर विचार विमर्श चल रहा है। जल्दी ही इस पर अमलीजामा पहना दिया जाएगा

मप्र सरकार ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से मुलाकात कर कानूनी प्रक्रिया समेत मप्र सरकार के रूख पर रणनीति बनाई। मुख्यमंत्री के साथ मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मौजूद थे। सरकार जल्दी ही इस मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट कर देगी। ओबीसी आरक्षण के मामले में सरकार कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती। सरकार की कोशिश है कि हर हाल में मप्र में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिले।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एवं प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह के साथ ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के निर्णय से जुड़े विधिक पहलुओं और आगामी कानूनी कार्यवाही की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की है। सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि वह ओबीसी को हर हाल में 27 फीसदी आरक्षण देने का पक्षधर है। ओबीसी आरक्षण पर हाई कोर्ट के फैसले के बाद अब अगली कानूनी लड़ाई की तैयारी शुरू हो गई है। सरकार के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के विकल्प पर विचार-विमर्श चल रहा है। जल्दी ही इसपर अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इसी बीच यूथ फॉर इक्वलिटी ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर अपनी कानूनी तैयारी का संकेत दिया है।

मुख्यमंत्री के साथ मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मौजूद थे



तुषार मेहता (बीच में) के साथ सीएम और प्रशांत सिंह

यूथ फॉर इक्वलिटी की सुप्रीम कोर्ट में कैविएट अब एकतरफा स्टे की राह मुश्किल

सरकार की कोशिश है कि हर हाल में मप्र में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिले

2019 में 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था आरक्षण

ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का निर्णय वर्ष 2019 में तत्कालीन कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में हुआ था। इसके तहत सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया। इस बदलाव के बाद प्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए 16 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 20 प्रतिशत और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का कुल योग 63 प्रतिशत हो गया था। इस व्यवस्था को अदालत में चुनौती दी गई। मामला कई वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया में उलझा रहा। हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले में आरक्षण की कुल सीमा 50 प्रतिशत से अधिक होने और उसे पार करने के लिए पर्याप्त असाधारण परिस्थितियां स्थापित नहीं होने का हवाला देते हुए 27 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को निरस्त कर दिया।

सिंघार ने सरकार से विशेष सत्र बुलाने को कहा

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ओबीसी आरक्षण के मामले में सरकार से विशेष सत्र बुलाकर उसमें कानून पारित कराने को कहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सवाल उठाए। सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री सॉलिसिटर जनरल से बात करना चाहते हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगवाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। उनके पास विधानसभा है, तो वे विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाते?





खबर संक्षेप

राहुल मानहानि मामले में अब 26 को फैसला



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई पूरी हो गई है। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निर्णय के लिए 26 अक्तूबर की तारीख तय की।

आईएएस समेत 3 अन्य पर एफआईआर दर्ज



भुवनेश्वर। आंध्र प्रदेश कैडर के एक आईएएस अधिकारी समेत तीन अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक पब में देर रात की चेकिंग के दौरान एक पुलिस इंस्पेक्टर और उनके साथियों के साथ बदसलूकी और मारपीट की।

नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर की सरेआम हत्या



मानसा। पंजाब के मानसा जिले में नशे के खिलाफ बड़े पैमाने पर सामाजिक मुहिम चलाने वाले मशहूर नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर सिंह झोटा की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों नेतब अंजाम दिया जबवे साथियों के साथ मानसा क्षेत्र में मौजूद थे।

158 शरणार्थियों को मिली भारतीय नागरिकता

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने 158 शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र वितरित किए।

एसआईआर और सीईसी के इस्तीफे के लिए देशभर में प्रदर्शन

जंतर-मंतर में 'चुपके से' घुसे सौरभ पुलिस ने रांका को हिरासत में लिया

दीपके ने पोस्ट किया वीडियो, जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस ने फिर से हिरासत में ले लिया है। दोनों अजिंक्य शिंदे समेत कुछ साथियों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे थे। यह घटनाक्रम दिल्ली पुलिस की सोमवार की उस घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि जंतर-मंतर अब विरोध प्रदर्शनों के लिए निर्धारित जगह नहीं रहेगा।

सीजेपी ने प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर को फिर से हासिल करने की कोशिश में वहां प्रवेश किया। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कथित 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर प्रदर्शन करना चाहते थे। अभिजीत दीपके ने कहा कि तिरंगा लेकर कार्यकर्ता मंगलवार सुबह जंतर-मंतर पहुंचे थे।



पुलिस बोली, मैदान अब प्रदर्शनों के लिए निर्धारित नहीं

हिरासत पर भड़के दीपके

तिरंगा फहराना गुनाह है क्या? और उग्र होगा आंदोलन

दूपके ने साथियों को हिरासत में लिए जाने पर सरकार और दिल्ली पुलिस को घेरा है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने को कानून का उल्लंघन मानता है, तो वह देशद्रोही है। तिरंगा फहराने पर लोगों को हिरासत में लेना समझ से परे है। इस कार्रवाई के विरोध में आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि अगर तिरंगा फहराने के लिए उनके साथियों पर आरोप लगाए जाते हैं, तो इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

एनएसयूआई ने कनॉट प्लेस में प्रदर्शन किया

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की



कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मंगलवार को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 7 पर अचानक विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

अनुराग ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

वोट चोरी पर पुख्ता सबूत और आंकड़े दें राहुल



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है।ठाकुर ने राहुल को चुनौती दी कि वे अपने लगाए गए आरोपों (जैसे 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग पर सवाल) के समर्थन में देश के सामने पुख्ता सबूत और आंकड़े रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल और विपक्षी दल बार-बार चुनाव आयोग, ईवीएम और मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर बेबुनियाद सवाल उठाकर जनादेश और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। ठाकुर ने कांग्रेस पर 'राज नहीं तो अराजकता' (जब सत्ता न हो तो अस्थिरता फैलाना) की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिसकर्मियों और महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के वीडियो का हवाला देते हुए कांग्रेस नेताओं के आचरण पर सवाल उठाए। उन्होंने कांग्रेस के पुराने इतिहास का जिक्र करते हुए आपातकाल और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन की याद दिलाई और अमर्यादित भाषा का प्रयोग बंद करने की सलाह दी।



गर्भवती महिला पत्रकार का राहुल पर आरोप

मुझे धक्का दिया, वे तो 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाते थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को विपक्ष के विरोध प्रदर्शन को कवर कर रही एक महिला पत्रकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उन्हें धक्का देने का आरोप लगाया है। इससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। रिचा पराशर ने आरोप लगाया कि राहुल ने उन्हें धक्का दिया। यह घटना सुप्रीम कोर्ट से बाहर निकलते समय हुई। रिचा ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस घटना के बाद अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

राहुल के गार्डों ने भी धक्का दिया, कैमरामैन को कोहनी मारी

रिचा के अनुसार वे राहुल का बाइट लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के गेट पर खड़ी थीं। उन्होंने माइक बढ़ाया, पर लोगों के कहने पर हटाया। हालांकि, अन्य मीडियाकर्मी भी वहां मौजूद थे, इसलिए उन्होंने फिर माइक बढ़ाया। राहुल आगे बढ़े और उन्होंने रिचा के कंधे को पकड़कर खींचा।

छत्तीसगढ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

ई - नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकडी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा।

1. ई-नीलाम दिनांक - 23-10-2026
2. ई-नीलाम समय - प्रात: 09:00 बजे से प्रारंभ

अ. क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		पुराना वनोपज		योग वनोपज	
		लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सागौन	2.000	-	129.357	-	131.357	0
2	साल	205.000	-	2464.043	3072	2669.043	3072
3	बीजा	4.000	-	115.263	-	119.263	-
4	खम्हार	-	-	-	-	-	-
5	साजा	-	-	62.938	390	62.938	390
6	हल्दू	-	-	4.700	-	4.700	-
7	धावड़ा	-	-	15.653	170	15.653	170
8	सलिहा	-	-	7.915	-	7.915	-
9	अन्य	18.000	-	222.823	971	240.823	971
10	RTL	-	-	-	-	-	-
	योग:-	229.000	0	3022.692	4603	3251.692	4603
11	जलाऊ	0 चट्टा	-	4404 चट्टा	0	4404 चट्टा	-

अत: इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी - अधिकता संभव है।

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

जी-262703939/2 "स्वच्छता ही सेवा"

अलवर में बड़ा रेल हादसा टला

बेपटरी हुई बांदीकुई पैसेंजर, इंजन के बाद दूसरी बोगी के पहिए उतरे

एजेंसी ▶▶ अलवर

ईदगाह आगरा से बांदीकुई जा रही मेमू ट्रेन मंगलवार को खेरली रेलवे स्टेशन के पास बेपटरी हो गई। स्टेशन से लगभग 3.5 किलोमीटर पहले फाटक संख्या 66 और 67 के बीच ट्रेन की दूसरी बोगी के दो पहिये पटरी से उतर गए। तेज झटका लगने और जोरदार आवाज होने से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। इस दुर्घटना में कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ। ट्रेन के गार्ड मनोज कुमार यादव ने बताया कि सुबह लगभग 11:20 बजे खंभा नंबर 96/8 के सामने बोगी संख्या 28236/सी के दो पहिये नीचे उतर गए। इस घटना के कारण भरतपुर-बांदीकुई रेल मार्ग पर रेल यातायात बाधित हुआ। ट्रेनों को वैकल्पिक रास्तों से चलाया गया। 12548 गांधीधाम-आगरा छावनी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को खेड़ली रेलवे स्टेशन से वापस बांदीकुई भेजा गया।



दार्जिलिंग में हादसा

टॉय ट्रेन के सामने खड़ी थी कार, स्कूटर से हो गई टक्कर

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग

सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए लोग कई बार ऐसी हरकतें कर बैठते हैं, जो उनके लिए मुसीबत बन सकती हैं। इसका एक उदाहरण दार्जिलिंग से सामने आए इस वीडियो में देखने को मिल रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए इस वीडियो में पहाड़ी इलाके की एक संकरी सड़क दिखाई देती है। सड़क के बिल्कुल किनारे रेलवे ट्रैक है, जिस पर दार्जिलिंग की मशहूर टॉय ट्रेन आगे बढ़ रही है। इसी दौरान कुछ लोग सड़क पर खड़ी गाड़ियों के पास नजर आते हैं। कुछ लोग कार की खिड़की से मोबाइल और गिंबल की मदद से ट्रेन का वीडियो बना रहे होते हैं।


संबल से बढ़ रहा स्वाभिमान
1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹1834 करोड़
गैस रीफिल योजना में 23 लाख बहनों को ₹115 करोड़ का अंतरण
अब तक लाड़ली बहनों को ₹67,230 करोड़+ की सहायता अंतरित
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
14 अक्टूबर, 2026 । उमरिया, मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
D-11143/26

जबलपुर

बुधवार 14 अक्टूबर 2026

आश्विन मास शुक्ल पक्ष-4

वर्ष : 21, अंक : 162

पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम

अधि. 29

न्यून. 19

10 देश में लोकतंत्र बनाम अराजकता



मैट्रो

6 प्रदर्शन में शामिल होने जा ..





केंद्र सरकार ने टाला फैसला व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत, फेस्टिव सीजन के चलते लिया गया बड़ा फैसला

दिवाली तक... यूपीआई लेनदेन पर नहीं लगेगा एमडीआर चार्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई पेमेंट्स का इस्तेमाल करने वाले व्यापारियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। एनपीसीआई के नोटिफिकेशन में साफ कहा गया है कि यूपीआई लेनदेन पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की डेडलाइन को 15 अक्टूबर से बढ़ाकर दीवाली के बाद करने का एलान किया गया है। इस फैसले से उन लाखों छोटे-बड़े व्यापारियों को एक बड़ा सुकून मिला है, जो डिजिटल पेमेंट पर संभावित चार्ज लगने की आशंका से चिंतित थे। पिछले कुछ समय से बाजार में लगातार इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि एमडीआर लागू करने की तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है।

यूपीआई से अतिरिक्त कमाई की उम्मीद लगाए बैठी फिनटेक कंपनियों के शेयरों को भारी झटका लगा

2 हजार पर लगना था 0.4% का शुल्क

हाल ही में सरकार ने यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूलने की अनुमति दी थी। इस नियम के तहत 2,000 से अधिक के डिजिटल लेनदेन पर 0.4% का शुल्क (एमडीआर) तय किया गया था। यह शुल्क व्यापारियों से लिए जाने की बात कही गई, जिससे पेमेंट गेटवे और पेटीएम/मोबिक्विक जैसी कंपनियों को राजस्व में बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। पिछले महीने जब इस फैसले का ऐलान हुआ था, तब इन फिनटेक कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी देखी गई थी।



रुपए की गिरती कीमत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान

रुपए में गिरावट की वजह बाहरी कारक उतार-चढ़ाव थामने में जुटा आरबीआई

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि इसकी प्रमुख वजहें बाहरी हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रुपए में अत्यधिक और अचानक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए लगातार कदम उठा रहा है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में वैश्विक अनिश्चितताओं का असर भारतीय मुद्रा पर पड़ा है। ऐसी परिस्थितियों में आरबीआई बाजार की गतिविधियों पर नजर रखते हुए जरूरी कदम उठा रहा है। सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति को मजबूत बताया।



चतुर्थीः मां कूष्मांडा

सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, 5 जख्मी

कटनी। रीठी थाना क्षेत्र के टहकारी गांव में मंगलवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाकल थाना क्षेत्र के सिहुड़ी गांव निवासी सुरेश लोधी (44) अपनी बेटी प्रिया लोधी के साथ इमलाज मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। टहकारी मोड़ के पास उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई।

जनसुनवाई में सुशासन की अनूठी मिसाल

दिव्यांग की परेशानी सुनने कुर्सी छोड़ जमीन पर बैठे निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार का मानवीय अंदाज देखने को मिला। अपनी समस्या लेकर पहुंचे एक दिव्यांग आवेदक की बात सुनने के लिए निगमायुक्त अपनी कुर्सी छोड़कर जमीन पर बैठ गए। उन्होंने आत्मीयता से आवेदक की परेशानी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। निगमायुक्त की इस मानवीय पहल ने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया और सुशासन का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। जनसुनवाई में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अतिक्रमण, राजस्व, स्वास्थ्य, कॉलोनी सेल और जल विभाग से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। निगमायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। निगम प्रशासन के अनुसार, कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।



अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

उत्तराखंड में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश संख्या घटी

छात्र नहीं तो पौड़ी में 40 स्कूलों पर ताले, 32 प्राथमिक स्कूल भी हुए बंद

एजेंसी ▶▶ पौड़ी

जिले में लगातार घटती छात्र संख्या का असर सरकारी स्कूलों पर साफ दिखाई देने लगा है। इस वित्तीय वर्ष विभिन्न विकासखंडों के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में छात्र संख्या शून्य होने के कारण जिले के 40 स्कूलों में ताले लटक गए हैं। इनमें प्राथमिक के 32 और उच्च प्राथमिक के 8 विद्यालय शामिल हैं। शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले में संचालित 1297 प्राथमिक विद्यालयों में से 32 ऐसे हैं जहां नए शैक्षणिक सत्र में एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया जबकि 231 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 8 विद्यालयों में छात्र संख्या शून्य दर्ज की गई। शून्य छात्र संख्या वाले विद्यालयों को बंद करने की प्रक्रिया छात्र संख्या शून्य होने के आधार पर ही की जा रही है।

■ विभाग ने लिया फैसला



गुटखा और पान मसाला पर एक साल की रोक

उत्तराखंड में तंबाकू और निकोटिन युक्त गुटखा, पान मसाला और अन्य खाद्य उत्पादों की बिक्री अब एक साल तक नहीं की जा सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। प्रतिबंध के दायरे में इन उत्पादों का निर्माण, भंडारण और वितरण भी शामिल है।

यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विक्रय प्रतिषेध और निर्बन्धन) विनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत की गई है। प्रतिबंध 13 अक्टूबर से प्रभावी हो गया है और अगले एक वर्ष तक लागू रहेगा।

आज लाड़ली बहनों को मिलेगी 41वीं किस्त

नवरात्रि में सवा करोड़ महिलाओं के खातों में सीएम भेजेंगे राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेश की सवा करोड़ लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 41 वीं किस्त की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को को उमरिया जिले के मानपुर जनपद पंचायत के गुरुवाही ग्राम में आयोजित लाड़ली बहना योजना सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की किश्त की राशि अंतरित करेंगे। वे पात्र प्रत्येक महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपए के मान से आर्थिक सहायता राशि अंतरित करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। नवरात्रि के दौरान महिलाओं को मिलने वाली यह राशि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी।



उमरिया में 144 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे

जामनगर में 7 दशक पुरानी परंपरा



जलती मशालों और जलते दीयों के बीच गरबा

जामनगर। गुजरात में नवरात्रि के दौरान गरबा की धूम रहती है, लेकिन जामनगर का मशाल रास इस उत्सव को खास पहचान देता है। छोटीकाशी के नाम से मशहूर जामनगर में श्री पटेल युवक गरबी मंडल की ओर से यह परंपरा सात दशकों से अधिक समय से निभाई जा रही है। रणजीत नगर स्थित लेउवा पटेल समाज के चौक में आयोजित मशाल रास देखने हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें युवा हाथों में जलती मशालें लेकर ढोल की थाप पर रास करते हैं। दीए की लौ के बीच नृत्य के लिए एकाग्रता, अभ्यास और आपसी तालमेल जरूरी है। जरा-सी चूक गंभीर हादसे का कारण बन सकती है।

फ्लाइट नहीं मिली तो 1800 किमी का सफर

कोयंबतूर से भोपाल बाइक से आ रहे युवक की बैतूल में मौत



पारिवारिक मित्र से मिलने आ रहा था भोपाल, दुबई में करता था नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नेशनल हाईवे-47 पर मंगलवार रात अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार एस. गौतम (29) की मौत हो गई। वह तमिलनाडु के कोयंबतूर का रहने वाला था और दुबई में नौकरी करता था। फ्लाइट नहीं मिलने के कारण वह बाइक से करीब 1800 किलोमीटर का सफर तय कर भोपाल आ रहा था।हादसा बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में झिटापटी यात्री प्रतीक्षालय के पास रात करीब 2:30 से 3 बजे के बीच हुआ। टक्कर में गौतम के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गौतम भोपाल में रहने वाले एक पारिवारिक मित्र से मिलने जा रहा था।

पीथमपुर की फैक्ट्री से उज्जैन लाया जा रहा था स्क्रैप

पांच लोडिंग वाहनों से 2 करोड़ का 11 टन तांबा जब्त, इंदौर के पांच लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

पुलिस ने सोमवार देर रात रणकेश्वर मंदिर के पास ब्रिज के नीचे कार्रवाई कर तांबे के स्क्रैप से भरे पांच लोडिंग वाहन जब्त किए। इनमें करीब 11 टन तांबा मिला, जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपए बताई गई है। पुलिस ने इंदौर के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त वाहनों की कीमत 25 से 30 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस के मुताबिक, स्क्रैप पीथमपुर की एक फैक्ट्री से लाकर उज्जैन में खाली किया जाना था। व्यापारी से सूचना मिलने के बाद चिमनगंज और पंवासा थाना पुलिस ने सीएसपी जीवाजीगंज के नेतृत्व में कार्रवाई की। पांचों टाटा ऐस वाहनों के चालकों से माल के बिल, बिल्टी और परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे वैध कागजात नहीं दिखा सके। इसके बाद चोरी के संदेह में वाहन और स्क्रैप जब्त कर लिया गया। सभी वाहनों और माल का कुल वजन 16,575 किलो निकला। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश सोलंकी, राहुल चौहान, शंकर झाला, रामकिशन पंवार और विनायक राठौर के रूप में हुई है। आरोपियों ने बताया कि उन्हें प्रति वाहन 3,200 रुपये किराया दिया गया था और माल इंदौर के इंडोरामा क्षेत्र से लोड किया गया था।



अप्रैल से चोरी की आशंका एक संदिग्ध फरार

कोसमी में वन विभाग की कार्रवाई का विरोध, कहा-अब अफसरों को हमारे ऊपर से गुजरना होगा

आदिवासियों के हक के लिए 'धरने' पर बैठे कार्तिकेय सिंह बोले - पक्के मकान बनने तक चैन से नहीं बैठूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

बुधनी विधानसभा क्षेत्र के कोसमी गांव में वन विभाग की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बेघर हुए परिवारों के समर्थन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान स्वयं मैदान में उतर आए हैं। कार्तिकेय धरना स्थल पर बैठ गए हैं। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और उनके पुनर्वास की मांग करते हुए कहा कि गरीबों के अधिकारों के रास्ते में आने वाले अधिकारियों को उनका सामना करना पड़ेगा।

धरना स्थल पर ही 4 साल के जय बरेला का जन्मदिन मनाया कार्तिकेय ने गोद में बैठाकर काटा केक



बच्चे को केक खिलाते हुए

बंद कुए को चालू कराने और पानी पहुंचाने का आश्वासन

धरना स्थल पर महिलाओं ने गांव के वर्षों पुराने कुए को मिट्टी डालकर बंद किए जाने की समस्या उठाई। इस पर कार्तिकेय ने कहा कि कुए को दोबारा चालू कराने के लिए पोकलेन मशीन बुलाई जाएगी। जब तक पानी की स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक प्रभावित परिवारों को टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

हम यहीं जन्मदिन मनाएंगे

धरना स्थल पर एक भावुक क्षण तब आया, जब एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके पोते जय बरेला का जन्मदिन है, लेकिन घर टूट जाने के कारण समझ नहीं आ रहा कि उसका जन्मदिन कहां मनाएं? यह सुनकर कार्तिकेय ने कहा कि हम यहीं जन्मदिन मनाएंगे। इसके बाद धरना स्थल पर केक मंगवाया गया। कार्तिकेय ने 4 वर्षीय जय को गोद में बैठाकर उसका जन्मदिन मनाया।

खबर संक्षेप

एचडीएफसी बैंक ने फेस्टिव ट्रीट्स लांच किया

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने अपने सालाना फेस्टिव ट्रीट्स 2026 कैंपेन के लांच की घोषणा करके देश भर में त्योहारों के मौसम की शुरुआत की है। पूरे देश में चलने वाले इस सालाना कार्निवल में लोन, कार्ड, सेविंग्स और करंट अकाउंट और कार्ड पर इजीईएमआई जैसे कई ऑफ़र शामिल हैं, जिससे ग्राहकों के लिए त्योहारों की खरीदारी ज़्यादा सस्ती और फ़ायदेमंद हो जाती है। एचडीएफसी बैंक का इस साल "फेस्टिव ट्रीट्स" कैंपेन "ट्रीट विद आल योर हार्ट" थीम पर आधारित है।

ईबीजी समूह ने 100 कैफे खोलने का रखा लक्ष्य

हैदराबाद। भारत में खानपान के साथ नए अनुभवों की बढ़ती मांग को देखते हुए ईबीजी समूह ने अपने नए ब्रांड 'टार्जन जंगल कैफे' की शुरुआत की घोषणा की है। प्रकृति से प्रेरित इस कैफे में जंगल जैसा आकर्षक वातावरण, खेतों से प्राप्त ताजा खाद्य सामग्री और भोजन के स्रोत की जानकारी पर विशेष जोर दिया जाएगा। समूह ने अगले तीन वर्षों में देश के बड़े और मध्यम शहरों में 100 से अधिक कैफे खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कंपनी की योजना के अनुसारइसके लिए पहले प्रमुख कैफे के विकास पर 2 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया जाएगा।

शेल्ज का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा

मुंबई । हग्स और टोस्का ब्रांड के तहत कन्फेक्शनरी उत्पाद बनाने वाली शेल्ज़ इंडिया लिमिटेड का आईपीओ 15 अक्टूबर 2026 को खुलेगा। कंपनी इस इश्यू के जरिए 59.97 करोड़ जुटाएगी। आईपीओ में 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 33,50,400 इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। प्रति शेयर प्राइस बैंड 170 से 179 तय किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली 14 अक्टूबर को खुलेगी, जबकि आईपीओ 19 अक्टूबर को बंद होगा।

एमडीआर शुल्क एक बड़ा वित्तीय भार बन सकता था जिससे वे बच गए

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क टलने से व्यापारियों में हर्ष, यूपीआई को शुल्क मुक्त रखने की मांग उठाई

बोले- एमडीआर शुल्क टलने से मुनाफे पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक स्थगित किए जाने के फैसले से व्यापारिक जगत को राहत मिली है। इस फैसले से छोटे और मध्यम वर्ग के कारोबारियों में खुशी की लहर है और उन्होंने सरकार व भारतीय रिजर्व बैंक से डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई को हमेशा शुल्क मुक्त रखने की मांग उठाई है। व्यापारियों के अनुसार, एमडीआर शुल्क टलने से उनके मुनाफे पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा, जिससे वे बिना किसी हिचकिचाहट के ग्राहकों से डिजिटल भुगतान स्वीकार करेंगे। रेहड़ी-पटरी वालों और छोटे किराना स्टोर संचालकों के लिए एमडीआर शुल्क एक बड़ा वित्तीय भार बन सकता था, जिससे वे बच गए हैं।

व्यापारियों का कहना है कि अतिरिक्त शुल्क से उनके मुनाफे पर असर पड़ सकता है और इसकी भरपाई के लिए वस्तुओं के दाम बढ़ने पर आम उपभोक्ताओं पर भी बोझ पड़ सकता है। ऐसे में व्यापारिक संगठनों ने व्यापारी और उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए यूपीआई को शुल्क मुक्त रखने की मांग उठाई है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मध्यप्रदेश और कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सहित राजधानी भोपाल में विभिन्न ट्रेडों से जुडे. व्यापारियों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए यूपीआई भुगतान व्यवस्था को पहले की तरह शुल्क मुक्त बनाए रखने की मांग की है।

कैट ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का जताया आभार

व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और व्यापारियों ने एमडीआर शुल्क स्थगित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। संगठन के अनुसार, त्योहारी और विवाह सीजन के दौरान लिया गया यह निर्णय देशभर के व्यापारियों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए राहत देने वाला है।

व्यापारियों के साथ उपभोक्ताओं के लिए भी राहत भरी खबर



सरकार का यह कदम व्यापारियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के लिए भी राहत भरी खबर है। व्यापारियों द्वारा इस तरह के शुल्कों का विरोध केवल अपने हितों के लिए नहीं, बल्कि कहीं न कहीं आम जनता को महंगाई के अतिरिक्त बोझ से बचाने के उद्देश्य से भी किया जाता है। क्योंकि आयकर को छोड़कर व्यापार पर लगने वाले अन्य शुल्कों और खर्चों का भार अक्सर वस्तुओं की कीमतों में शामिल होकर अंततः ग्राहकों तक पहुंचता है। ऐसे में सरकार को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिनसे व्यापारियों को राहत मिले और उसका सीधा लाभ आम जनता को भी मिल सके।

अजय सिंह अध्यक्ष,
भोपाल पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन

डिजिटल भुगतान छोटे व्यापारियों के लिए किफायती होना जरूरी



सरकार का यह निर्णय व्यापारियों की चिंताओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। डिजिटल भुगतान देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन इसकी व्यवस्था छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए किफायती होना भी जरूरी है।

धर्मेंद्र शर्मा
प्रदेश मीडिया प्रभारी कैट भोपाल

व्यापारियों के मुनाफे पर पड़ सकता था असर



एमडीआर शुल्क स्थगित होने पर राहत जताते हुए कहा कि प्रस्तावित शुल्क व्यापारियों के लिए चिंता का विषय था। यदि यह अतिरिक्त खर्च व्यापारियों को अपनी जेब से वहन करना पड़ता, तो उनके मुनाफे पर असर पड़ सकता था। वहीं, इसकी भरपाई के लिए यदि वस्तुओं के दाम बढ़ाए जाते, तो अंततः इसका भार आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता था।

अनुपम अग्रवाल, महासचिव, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मप्र

यूपीआई भुगतान व्यवस्था को पूर्ववत शुल्क मुक्त रखा जाए



व्यापारियों की प्रमुख मांग प्रस्तावित एमडीआर शुल्क वापस लेने और यूपीआई भुगतान व्यवस्था को पूर्ववत शुल्कमुक्त बनाए रखने की है। उम्मीद जताई कि सरकार व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं के हित में सकारात्मक निर्णय लेगी। इसी को देखते हुए व्यापारियों ने शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई थी।

नवनीत अग्रवाल, सराफा व्यापारी

शुल्क मुक्त यूपीआई के पक्ष में एकजुट व्यापारिक संगठन



दोनों व्यापारिक संगठनों की मांग है कि यूपीआई भुगतान व्यवस्था को पहले की तरह शुल्कमुक्त रखा जाए, ताकि डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने की प्रक्रिया प्रभावित न हो। व्यापारियों का मानना है कि अतिरिक्त लागत से बचाव होने पर छोटे दुकानदारों को राहत मिलेगी और उपभोक्ताओं के लिए भी डिजिटल भुगतान की सुविधा सहज बनी रहेगी।

सुनील जैन 501, सीएमडी आरएमजे मोटर्स

उम्मीद सरकार शुल्क मुक्त बनाए रखेगी



फिलहाल एमडीआर शुल्क लागू करने का फैसला दिवाली तक टाल दिया गया है। अब व्यापारिक संगठनों की निगाहें सरकार के अगले निर्णय पर टिकी हैं। व्यापारी समुदाय को उम्मीद है कि सरकार उनकी चिंताओं पर विचार करते हुए यूपीआई भुगतान व्यवस्था को शुल्कमुक्त बनाए रखने के पक्ष में निर्णय लेगी।

आशीष पांडेय
अध्यक्ष, भोपाल ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन

डिजिटल भुगतान को हतोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए



यूपीआई ने नकदी की समस्या को काफी हद तक कम किया है। ग्राहक आसानी से भुगतान कर पाते हैं और व्यापारियों को भी लेनदेन में सुविधा मिलती है। यदि इस व्यवस्था पर अतिरिक्त खर्च बढ़ता है, तो व्यापारियों के लिए इसे अपनाना महंगा हो सकता है। इसलिए डिजिटल भुगतान व्यवस्था को शुल्कमुक्त बनाए रखना जरूरी है।

मनोज मीक
अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल

उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दी



व्यापारियों की चिंताओं पर विचार करते हुए शुल्क स्थगित करने का निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार आगे भी व्यापारियों और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देते हुए यूपीआई को शुल्कमुक्त बनाए रखने की दिशा में निर्णय लेगी।

तेजकुल पाल सिंह पाली
अध्यक्ष , भोपाल होटल एंड रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन

ग्राहकों पर भी पड़ सकता था अप्रत्यक्ष असर



एमडीआर शुल्क सीधे व्यापारी पर लागू होने की स्थिति में कारोबारियों के मुनाफे पर असर पड़ सकता है। बढ़ती व्यावसायिक लागत की भरपाई के लिए यदि दुकानदार वस्तुओं के दाम बढ़ाते हैं, तो इसका असर अंततः ग्राहकों पर भी पड़ सकता है।

राजेश जैन
वरिष्ठ कर सलाहकार

भुगतान प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और किफायती रहनी चाहिए



यूपीआई आज छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक भुगतान का प्रमुख माध्यम बन चुका है। इसकी लोकप्रियता बनाए रखने के लिए भुगतान प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और किफायती रहनी चाहिए। व्यापारियों का मानना है कि यूपीआई पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से कारोबार की लागत बढ़ सकती है और इसका असर उपभोक्ताओं तक पहुंचने की आशंका भी रहेगी।

शैलेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष, भोपाल लोहा व्यवसायी एवं निर्माता संघ

छोटे कारोबारियों के लिए लागत बढ़ना चिंता का विषय



छोटे दुकानदार पहले से ही किराया, बिजली, कर्मचारियों के वेतन और अन्य व्यावसायिक खर्चों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है।

मुनींद्र वैद्य , अध्यक्ष, भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन

इधर ये भी राय... सशक्त यूपीआई के लिए एमडीआर जरूरीः चौबे



भारत में डिजिटल भुगतान की सबसे लोकप्रिय प्रणालियों में शामिल एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को लंबे समय तक मजबूत और आत्मनिर्भर बनाए रखने के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की व्यवस्था पर चर्चा जरूरी है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भोपाल के जनसंपर्क एवं सामाजिक सेवा बैंकिंग विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी अनिल चौबे का कहना है कि यूपीआई की सफलता के साथ उसके संचालन, रखरखाव, साइबर सुरक्षा और तकनीकी विकास की लागत को पूरा करने के लिए एक टिकाऊ वित्तीय व्यवस्था भी आवश्यक है। चौबे ने कहा कि भारत में यूपीआई की शुरुआत 11 अप्रैल 2016 को हुई थी। शुरुआत में डिजिटल भुगतान का उपयोग सीमित था और नकद लेनदेन का व्यापक प्रचलन था। नवंबर 2016 में नोटबंदी के बाद डिजिटल भुगतान को तेजी से बढ़ावा मिला। भीम, गूगल पे, फोनपे और पेटीएम जैसे मंचों के माध्यम से लोगों ने डिजिटल लेनदेन को अपनाना शुरू किया। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े कारोबारियों तक क्यूआर कोड आधारित भुगतान लोकप्रिय हो गया। आज इसके माध्यम से रोजमर्रा की खरीदारी, बिल भुगतान और कारोबार से जुड़े लेनदेन बड़ी संख्या में किए जा रहे हैं। इसकी सफलता ने भारत को वास्तविक समय में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाई है।मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर वह शुल्क है, जो निर्धारित परिस्थितियों में कारोबारी भुगतान को संसाधित करने के बदले लिया जाता है। इस विषय पर अनिल चौबे का कहना है कि शुल्क व्यवस्था बनाते समय ग्राहक, व्यापारी और भुगतान सेवा प्रदाताओं-तीनों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उनके अनुसार, ग्राहक पर सीधे अतिरिक्त शुल्क डालने से डिजिटल भुगतान को अपनाने की गति प्रभावित हो सकती है। वहीं, छोटे कारोबारियों पर अधिक शुल्क लगाने से उनके लिए डिजिटल भुगतान महंगा साबित हो सकता है।

माता सिंहवाहिनी की प्रतिमा में दुर्गा और काली का संयुक्त स्वरूप

1984 के पहले केवल दशहरे के दिन राजपरिवार के लिए ही खुलता था मंदिर

विजय पांडेय : कांकेर। आस्था, इतिहास और रहस्य की अनूठी विरासत को अपने भीतर समेटे कांकेर के राजापारा स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर की कहानी बेहद रोचक है। यहां विराजमान देवी की प्रतिमा में मां दुर्गा और मां काली का संयुक्त स्वरूप दिखाई देता है। कभी इस मंदिर के कपाट साल में केवल दशहरे के दिन राजपरिवार की पूजा के लिए खुलते थे। लेकिन आज यही मंदिर चैत्र और शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। पुरातत्ववेत्ता जेआर भगत ने इस प्रतिमा को देखने के बात बताया था कि यह मूर्ति कम से कम 600 साल से अधिक पुरानी है। मां सिंहवाहिनी की प्रतिमा को कांकेर लाने को लेकर स्थानीय स्तर पर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। इनमें सबसे चर्चित मान्यता राजा भोगदेव को आए दिव्य स्वप्न से जुड़ी है। कहा जाता है कि राजा को स्वप्न में देवी ने दर्शन देकर ओडिशा के कालाहांडी क्षेत्र की आमपानी घाटी के जमीन के भीतर दबी अपनी प्रतिमा के बारे में बताया था। इसके बाद राजा ने उस स्थान पर खुदाई करवाकर प्रतिमा निकलवाई और उसे कांकेर लाने की व्यवस्था की। इतिहासकार और स्थानीय जानकार यह मानते हैं कि राजा भोगदेव इस मूर्ति को 19 वीं शताब्दी के मध्य (1876 से कुछ दशक पहले) या उससे भी प्राचीन काल में कांकेर लेकर आए थे। राजा भोगदेव जब इस मूर्ति को उड़ीसा की आमपाणि घाटी से स्वप्न के बाद खोदकर लाए, तो इसे तुरंत सार्वजनिक मंदिर में स्थापित नहीं किया गया था।

एक ही प्रतिमा में मां दुर्गा और मां काली का स्वरूप

मां सिंहवाहिनी की प्रतिमा की सबसे बड़ी विशेषता इसका विलक्षण स्वरूप है। इसमें मां दुर्गा और मां काली के रूप का संगम दिखाई देता है। पुरातत्ववेत्ता जेआर भगत के अनुसार, यह प्रतिमा 600 साल से अधिक पुरानी मानी जाती है। उनका कहना है कि कांकेर में स्थापित इस प्रतिमा के समान स्वरूप की प्रतिमा कोलकाता में भी मौजूद है। यही विशेषता इसे धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाती है।



दशहरे पर खुलते थे कपाट

एक समय ऐसा था, जब मां सिंहवाहिनी मंदिर में केवल दशहरे के दिन राजपरिवार के सदस्य पूजा-अर्चना करते थे। साल के बाकी दिनों में मंदिर के कपाट बंद रहते थे। 1984 में मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए सार्वजनिक किया गया। इसी वर्ष से नवरात्र के दौरान यहां ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने की परंपरा भी शुरू हुई। बताया जाता है कि पहले वर्ष केवल एक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया था। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई और अब यहां बड़ी संख्या में ज्योति कलश स्थापित किए जाते हैं।

राजा पदुम देव ने बनवाया था मंदिर

राजा भोगदेव द्वारा कांकेर लाए जाने के बाद, मूर्ति काफी समय तक राजपरिवार के संरक्षण में रही। इसके बाद वर्ष 1876 में राजपरिवार के ही वंशज राजा पदुम देव ने इस अद्वितीय प्रतिमा की महिमा को देखते हुए कांकेर के राजापारा में दूध नदी के किनारे पूरी विधि-विधान से इसकी पुनर्स्थापना कराई और इसके ऊपर प्रथम मंदिर (खपरैल का ढांचा) निर्मित करवाया। समय के साथ मंदिर का विस्तार होता गया और जनसहयोग कई वर्ष पहले पुराने जर्जर खपरैल भवन की जगह पक्के मंदिर का निर्माण कराया गया।

500 सालों से आस्था का केंद्र, ढीमर समाज 200 बरस से कर रहा सेवा

यशवंत साहू ▶▶ धमतरी



शहर के महिमा सागर वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर आस्था, परंपरा और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। पौराणिक मान्यताओं और बुजुर्गों के अनुसार, यह मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है। मान्यता है कि धमतरी गांव की स्थापना के समय ही माता शीतला की स्थापना की गई थी। उस दौर में मंदिर घने जंगलों के बीच स्थित था। मंदिर परिसर के पास बनाया गया प्राचीन तालाब आज भी इसके इतिहास की याद दिलाता है। माता शीतला को स्वच्छता और रोगों से रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि नए गांव बसाने के दौरान ग्रामवासियों के स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना से माता शीतला का मंदिर स्थापित किया जाता था। इससे धमतरी नगर और मंदिर की स्थापना के एक ही कालखंड से जुड़े होने की मान्यता को बल मिलता है।मंदिर के 95 वर्षीय पुजारी जनक महाराज के अनुसार, श्रद्धालु माता शीतला के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। क्वांर और चैत्र नवरात्र में यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं और मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करते हैं। मंदिर के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर और कोषाध्यक्ष सोनू नाग सहित पदाधिकारी मंदिर के विकास एवं विस्तार में जुटे हैं।

शिलालेख में दर्ज है बावड़ी निर्माण का उल्लेख

मंदिर की सेवा और सुरक्षा ढीमर समाज द्वारा 200 वर्षों से अधिक समय से की जा रही है। समाज द्वारा निर्मित बावड़ी के जीर्णोद्धार के दौरान लगभग 25 फीट की गहराई में शिलालेख मिला था। इसमें श्रावण सुदी पूर्णिमा, संवत 1992 में बावड़ी निर्माण का उल्लेख है। यह विवरण राजस्व रिकॉर्ड में भी दर्ज बताया गया है। बावड़ी का निर्माण माता को नियमित जल अर्पित करने के उद्देश्य से कराया गया था।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृष — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

मिथुन — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

कर्क — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

कन्या — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

तुला — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

धनु — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

मकर — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

कुंभ — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

मीन — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

ग्रीनसेल मोबिलिटी को डेनमार्क के निवेश कोष से मिले 330 करोड़

मुंबई। भारत में इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए ग्रीनसेल मोबिलिटी को इम्पैक्ट फंड डेनमार्क (आईएफडी) से 330 करोड़ रुपए का इक्विटी निवेश मिला है। कंपनी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। एवरसोर्स कैपिटल के निवेश पोर्टफोलियो में शामिल ग्रीनसेल मोबिलिटी इस पूंजी का इस्तेमाल देशभर में तैनाती की प्रक्रिया में चल रही करीब 4,500 इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार में करेगी। कंपनी की योजना इसके बाद 105 शहरों में 5,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा तैयार करने की है। ग्रीनसेल मोबिलिटी किसी एक बस निर्माता तक सीमित हुए बिना इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने वाला भारत का सबसे बड़ा मंच होने का दावा करती है। नए निवेश से कंपनी को अपने विस्तार की योजनाओं को आगे बढ़ाने, परिचालन क्षमता मजबूत करने और सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलने की उम्मीद है। ग्रीनसेल मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र चावला ने आईएफडी का नए शेयरधारक के रूप में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एवरसोर्स कैपिटल, अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी), ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई) और टाटा कैपिटल सहित निवेशकों ने कंपनी पर लगातार भरोसा जताया है।

सैमसंग सप्ताह 2026 शुरू, उत्पादों पर 60 फीसदी तक की छूट

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने 'सैमसंग सप्ताह 2026' की शुरुआत कर दी है। इस उत्सव के दौरान ग्राहकों को स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप, स्मार्ट टीवी, मॉनिटर और घरेलू उपकरणों की चुनिंदा श्रेणियों पर 60 फीसदी तक की छूट मिल सकती है। कंपनी के अनुसार, पात्र उत्पादों पर 25,000 तक की नकद वापसी और अतिरिक्त वारंटी जैसे लाभ भी उपलब्ध हैं।स्मार्टफोन की चुनिंदा श्रेणियों पर 34 फीसदी तक, लैपटॉप पर 31 फीसदी तक और स्मार्ट टीवी पर 51फीसदी तक की छूट दी जा रही है। रेफ्रिजरेटर पर 48 फीसदी, कपड़े धोने की मशीनों पर 49 फीसदी और वातानुकूलन यंत्रों पर 58 फीसदी तक की छूट मिल सकती है।

शब्द पहेली - 6377



बाएँसेदाए±
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

ऊपर से नीचे
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

शब्द पहेली -6376 का हल

क	फ	■	ज	प	■	त	न	■	शा	न
प	त	न	■	ल	त	■	भ	ला	■	शा
■	वा	न	र	■	म	ल	■	ज	रा	■
फि	■	द	म	न	■	क	द	■	ज	न
दा	दा	■	ल	क	वा	■	म	स्त	■	ख
■	न	या	■	ल	च	क	■	र	थ	■
रा	■	क	ल	■	क	ल	म	■	ल	ब
ही	र	■	ह	र	■	ह	म	ल	■	ल
■	स	जा	■	जा	ल	■	ता	ड़	ना	■
य	■	म	त	■	व	ध	■	ना	का	रा
म	य	■	ल	क्ष	■	न	ल	■	म	जा

सूडोकु नवताल - 6387

सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

MANYAM SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6386 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6



गिल रिकॉर्ड पांचवीं बार चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ, शेफाली भी सम्मानित

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी ने रिकॉर्ड पांचवीं बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एशिया कप और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। शुभमन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हाले मैथ्यूज की बराबरी कर ली, जो पांच बार यह सम्मान पा चुकी हैं।

शुभमन को इससे पहले जनवरी और सितंबर 2023 और फरवरी और जुलाई 2025 में चुना गया था। शुभमन ने कहा,' पांचवीं बार आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना अच्छा लग रहा है। मैं इस सम्मान के लिये पैनल को धन्यवाद देता हूं।' गिल ने दूसरे मैच में 133 गेंद में 223 रन बनाए थे, जिसके दम पर भारत ने 406 रन का लक्ष्य 39 गेंद बाकी रहते हासिल करके 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।



शेफाली ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

शेफाली ने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विजयी पारी खेलने के बाद यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने महिला एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। एशियाई खेलों में बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने नाबाद 100 और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए थे।

जीत में योगदान देना अच्छा : शेफाली

शेफाली ने कहा,' यह पुरस्कार फिर हासिल करना सम्मान की बात है। एशिया कप और एशियाई खेलों में खिताबी जीत में योगदान देना अच्छा रहा, जिससे यह जीत और खास हो गई।'



आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

दुबई। स्मृति मंधाना ने आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा है जबकि आस्ट्रेलिया की एलिसे पैरी ताजा रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटी। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तान बनाई गई मंधाना 790 अंक के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत नौवे स्थान पर है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे नौवे स्थान पर खिसक गई। महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली वर्मा चौथे, मंधाना पांचवें और हरमनप्रीत दसवें स्थान पर है। महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीचरणी और दीप्ति शीर्ष दो में हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में दीप्ति शीर्ष दस में अकेली भारतीय हैं और चौथे स्थान पर है। वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह छठे स्थान पर है। टी20 और वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

खबर संक्षेप



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया का ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई खेलों और विश्व कप से बाहर रहे पाठक ने वापसी की है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे भी टीम में हैं। मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह 18 सदस्यीय टीम में दो रिजर्व खिलाड़ी हैं। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए पंजाब में दो दशक बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है । इसके मुकाबले जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे डिसिल्वा



कोलंबो। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुसल मेंडिस कप्तान होंगे जबकि पूर्व कप्तान धनंजय डिसिल्वा भी टीम में होंगे। श्रीलंका की टी20 और वनडे टीमों की कप्तानी कर चुके 31 वर्ष के मेंडिस कुछ दिन पहले डिसिल्वा की जगह कप्तान बने । 35 वर्ष के डिसिल्वा ने नई पीढी के मौका देने के लिए कप्तानी छोड़ दी थी। पाथुम निसांका को भी टीम में जगह दी गई है बशर्ते वह पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएं। श्रीलंका टीम नौ नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान जाएगी। मैच रावलपिंडी और लाहौर में होंगे। श्रीलंका इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में सातवें और पाकिस्तान आखिरी स्थान पर है।

डोपिंग उल्लंघन में निलंबित हुए कोच यूनुस खान



नई दिल्ली। भारत के जाने-माने एथलेटिक्स कोच मोहम्मद यूनुस खान को डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन में शामिल होने के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। खान ने लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को उनके शुरुआती करियर में प्रशिक्षण दिया था। पुणे स्थित प्रतिष्ठित सेना खेल संस्थान (एएसआई) में मध्यम और लंबी दूरी के धावकों को प्रशिक्षण देने वाले खान पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपने नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत आरोप लगाया है।

चौथा टी20 आज, पलटवार की कोशिश करेगा वेस्टइंडीज

सीरीज सील करने उतरेगी भारतीय टीम, पावर हिटर्स पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2-1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिए बस एक जीत की जरुरत है।

वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है।



भारतीय गेंदबाजों को करना होगा अनुशासित प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी20 में जीत के लिए 250 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था, जिसमें होप ने 45 गेंद में 102 रन बनाए थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (43) , कामिल पूरन (42) और स्प्रिंगर (नाबाद 35) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में खेला था जब 6 विकेट पर 297 रन बनाकर 133 रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में 43 गेंद में 111 रन बनाए थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे। मैच का समयः शाम 7:00 बजे

दोनों टीमों के सामने चुनौती

शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के लिए चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी20 में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइंडीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फॉर्म में होने पर उनकी टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता।

वेस्टइंडीज को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक 189 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 12 छक्के जड़े हैं। कप्तान शाइ होप ने 182 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए हैं। विश्व चैंपियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए हालांकि वेस्टइंडीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

रणजी ट्रॉफी

हैदराबाद का शानदार आगाज त्रिपुरा को पारी से हराया

तनय-सिराज ने चटकाए 8 विकेट



एजेंसी ▶▶| सिकंदराबाद

हैदराबाद ने एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

तेज गेंदबाज तनय त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर 8 विकेट चटकाए, जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को 120 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 99 रन बनाए थे।

हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने 52 रन देकर 6 विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

मुंबई ने चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराया

मुंबई। मुंबई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने 3 दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने 69 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 429 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। टीम के लिए कप्तान सिद्धेश लाड ने 86, मुशीर खान ने 65 रन, कोटियन ने 58 और मोहित अवस्थी ने नाबाद 56 रन की पारी खेली थी।

एफवन रेस

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी के दिखे संकेत



एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी को लेकर चल रही कवायद के बीच प्रणव अडाणी की सिंगापुर ग्रां प्री में निजी यात्रा ने सभी का ध्यान खींचा है। प्रणव निजी तौर पर सिंगापुर जीपी पैडोक में थे और विश्व मोटर स्पोर्टस की संचालन संस्था एफआईए के अतिथि के रूप में मौजूद थे। अडाणी समूह ने कर्जे में डूबे जेपी समूह का अधिग्रहण कर लिया है, जिसमें 2011 से 2013 के बीच फॉर्मूला वन रेस की मेजबानी करने वाला बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट भी शामिल है।

वित्तीय चुनौतियों और कर से जुड़े मसलों के कारण उसके बाद भारत में एफवन रेस नहीं हुई। करण अडाणी ने भारत में एफवन रेस के आयोजन की इच्छा जताई थी और भारत सरकार की भी इसमें रुचि है।

भारत में हुआ कार्यबल का गठन

हाल ही में एफवन के भारत में फिर से आयोजन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। रेस की वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है लेकिन अडाणी समूह और एफवन प्रबंधन ने इस मामले में बातचीत की है। ऐसे में प्रणव की एफआईए अधिकारियों से मुलाकात काफी मायने रखती है।

भारत में मेरे काफी प्रशंसक : नौरिस

मौजूदा विश्व चैंपियन ड्राइवर लैंडो नौरिस ने सिंगापुर जीपी से पहले कहा था,' मुझे पता है कि भारत में मेरे काफी प्रशंसक हैं। कई साल तक भारतीय ड्राइवर जेहान दारुवाला मेरी टीम में था और मेरे अच्छे दोस्तों में से है।' उन्होंने कहा,' मैं कभी भारत नहीं गया लेकिन जाना चाहता हूं।'

हेलमेट में लगी बॉल, स्मिथ का होगा कनकशन टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट) जांच के लिए भेजा जाएगा। सैतीस वर्ष के स्मिथ को मैच के चौथे दिन सोमवार को नॉर्किया की शॉर्टपिच गेंद को खेलने के प्रयास में चोट लगी। वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं आए। हरफनमौला ब्यू वेबस्टर ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा ,' उम्मीद है कि वह ठीक होगा। गेंद काफी तेजी से लगी है। हम उसके ठीक होने की कामना करते हैं।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया की सिर की चोट और कनकशन नीति के तहत स्मिथ को अगले 24 घंटे निगरानी में रखा जाएगा।



कोलकाता में होगा फुटबॉल का रोमांच खेलेंगी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

स्पेन के सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच 25 नवंबर को एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री इंद्रनील खान ने यह जानकारी दी। यह मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

खान ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इस आयोजन की घोषणा की। उन्होंने दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी क्लबों के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के बीच होने वाले मुकाबले का संकेत देते हुए लिखा, 'एल क्लासिको की तैयारी जारी... बार्सीलोना लीजेंड्स बनाम रियाल मैड्रिड लीजेंड्स... 25 नवंबर, 2026, विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता।'' यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब इस महीने की शुरुआत में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के दो बड़े अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच आयोजित किए गए थे।



बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने पहली बार हारा टेस्ट मैच

द. अफ्रीका को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों से हराया। डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए मुकाबले में 421 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम दूसरी पारी में 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट के पांचवें दिन 102/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज स्कोरकार्ड में 104 रन जोड़कर आउट हुए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन एडेन मार्करम ने बनाए, जबकि डेविड बेडिंगहैम ने 46 रनों का योगदान दिया। रयान रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।



बेहतरीन लय में हेजलवुड

एनरिक नॉर्टजे को आउट करते हुए हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पर मुहर लगाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में जोश हेजलवुड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, मैट रेनशॉ ने दो और मिचेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस ने एक-एक विकेट झटका।

सिर्फ एक रन पर आउट हुए रेनशॉ

कप्तान टेंबा बावुमा को मैट रेनशॉ ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स भी एक रन ही बना सके। वियान मुल्डर ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन वह 29 रन बनाने के बाद जोश हेजलवुड की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच देकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने भी महज एकर रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्को जानसन टीम के लिए कुछ हद तक संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वो भी 35 रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। साइमन हार्मर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, तो केशव महाराज एक रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए थे 390 रन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में मैट रेनशॉ द्वारा खेली गई 190 रनों की लाजवाब पारी के बूते 390 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पहली पारी के आधार पर 106 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया ने मैट रेनशॉ की 82 और निक मैडिनसन की 48 रनों की पारी के दम पर 6 विकेट खोकर 314 रन बनाने के बाद पारी को घोषित किया और साउथ अफ्रीका के सामने 421 रनों का लक्ष्य रखा।

गोवा एक्सप्रेस से इटारसी में उतारे जाने का मामला, बहन ने हाईकोर्ट में लगाई थी याचिका

प्रदर्शन में शामिल होने जा रही प्रीति सुरक्षित घर पहुंचीं, बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निराकृत

जबलपुर। दिल्ली में सीजेपी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रही महिला कार्यकर्ता प्रीति लोन्धे के ट्रेन से उतारे जाने के मामले में उनकी सुरक्षित घर वापसी के बाद हाईकोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निराकृत कर दी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को जानकारी दी गई कि प्रीति सुरक्षित घर पहुंच गई है। दरअसल, प्रीति लोन्धे सहित 18 सीजेपी कार्यकर्ता गोवा एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। आरोप है कि इटारसी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने उन्हें ट्रेन से उतार लिया था। इसके बाद प्रीति की स्थिति और ठिकाने को लेकर चिंता जताते हुए उनकी बहन ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी।



याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रीति को कोर्ट के समक्ष पेश करने अथवा उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में जवाब भी मांगा था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से प्रीति के सुरक्षित घर पहुंच जाने की जानकारी दी गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका निराकृत कर दी।

शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को हाईकोर्ट से राहत

टीईटी से छूट के अभ्यावेदन पर 60 दिन में निर्णय लेना होगा

जबलपुर। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से छूट की मांग कर रहे शिक्षाकर्मी वर्ग-2 और वर्ग-3 को मप्र हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने संबंधित सक्षम प्राधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शिक्षकों की ओर से प्रस्तुत अभ्यावेदन पर 60 दिन के भीतर निर्णय लिया जाए। निर्णय कारण सहित आदेश के रूप में पारित करना होगा।

मामले में जबलपुर सहित अन्य जिलों के याचिकाकर्ता शिक्षाकर्मियों की ओर से टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग उठाई गई थी। उनका पक्ष था कि उनकी नियुक्ति और सेवा से जुड़े तथ्यों को ध्यान में रखते हुए छूट के अभ्यावेदन पर विचार किया जाना चाहिए। इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत अभ्यावेदन पर निर्णय की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया।

पन्ना के अंकित पाठक की याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

जेके सीमेंट की शिकायतें करने पर फर्जी केस में फंसाने का आरोप

जबलपुर। पन्ना जिले में जेके सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ कथित अवैध खनन की शिकायतें करने पर फर्जी मामलों में फंसाए जाने का आरोप हाईकोर्ट पहुंच गया है। याचिकाकर्ता अंकित पाठक ने शिकायतों पर कार्रवाई नहीं किए जाने और अपने विरुद्ध कथित तौर पर प्रकरण दर्ज किए जाने को चुनौती दी है। याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता की ओर से यह सवाल उठाया गया है कि जेके सीमेंट के खिलाफ की गई शिकायतों पर शासन और प्रशासन ने क्या कार्रवाई की। याचिकाकर्ता के अनुसार, पन्ना जिले में जेके सीमेंट फैक्ट्री से संबंधित कथित अवैध खनन के मामलों की शिकायतें की गई थीं। इन शिकायतों पर कार्रवाई के बजाय उन्हें कथित रूप से झूठे मामलों में उलझाने का प्रयास किया गया। याचिका में शिकायतों पर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट के समक्ष सवाल उठाया कि जेके सीमेंट के खिलाफ प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों ने क्या कदम उठाए। मामले में राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगे जाने की जानकारी सामने आई है।

दुकान के बाहर रखा 22 हजार का पार्सल चोरी

जबलपुर। कोतवाली थाना अतंर्गत कोतवाली बाजार स्थित एक ढुकान के बाहर रखा मनियारी का सामान के पार्सल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बाजार निवासी 39 वर्षीय मनियारी व्यापारी मोहम्मद जुबेर गत शाम लगभग 5.30 बजे पार्सल हेतु मनियारी का सामान जिसमें बक्कल एवं हेयर बेण्ड थे का पार्सल तैयार कर सफेद रंग की बोरी में ढुकान के बाहर रख कर ढुकान के अंदर खाना खाने चला गया था, तभी अज्ञात चोर ने ढुकान के बाहर रखा मनियारी के सामान का पार्सल चोरी कर ले गया। चोरी गए समान की कीमत करीब 22 हजार रूपये बताया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

नर्मदा एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। जीआरपी जबलपुर पुलिस ने नर्मदा एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स चोरी करने के मामले में आरोपी अरुण लोनी (23), पिता सुनील लोनी, निवासी ग्राम गड़वास, थाना पान उमरिया, जिला कटनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के छह लॉकेट, कीमत करीब ₹42 हजार और चांदी की एक जोड़ी पायल, कीमत करीब ₹18 हजार, कुल ₹60 हजार का मशरूका बरामद कर जब्त किया है। रेल पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के निर्देशन में रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान 12 अक्टूबर 2026 को



जबलपुर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में मिले युवक से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने करीब एक माह पूर्व ट्रेन क्रमांक 18233 नर्मदा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सो रही महिला यात्री का पर्स अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे गिरफ्तार कर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक संतोष चौबे, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, प्रधान आरक्षक परशुराम, प्रधान आरक्षक रविकांत, प्रधान आरक्षक हरस्वरूप एवं प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश बघेल की भूमिका रही।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह के दोनों खाते बंद होने का मामला, हाईकोर्ट में 15 अक्टूबर को अगली सुनवाई

मेटा ने झाड़ा पल्ला, कहा- अधिवक्ता और वाट्सऐप के बीच का मामला

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेंद्र सिंह के वाट्सऐप खाते बंद किए जाने के मामले में मेटा ने अपनी सीधी भूमिका से पल्ला झाड़ लिया है। कंपनी की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया कि विवाद अधिवक्ता और वाट्सऐप के बीच का है तथा इसमें मेटा की कोई भूमिका नहीं है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने वाट्सऐप को जवाब प्रस्तुत करने के लिए तीन दिन का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

याचिका के अनुसार, मृगेंद्र सिंह का प्राथमिक वाट्सऐप खाता 23 अगस्त 2026 को बंद कर दिया गया था। उनका आरोप है कि खाते पर प्रतिबंध लगाने से पहले न तो कोई सूचना दी गई और न ही इसका स्पष्ट कारण बताया गया। उन्होंने उसी दिन एप के माध्यम से समीक्षा का अनुरोध किया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। पेशेवर कामकाज प्रभावित होने पर उन्होंने दूसरे मोबाइल नंबर से खाता बनाया, जिसे भी चार अक्टूबर को प्रतिबंधित कर दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि वे वाट्सऐप का उपयोग वर्षों से न्यायिक कार्य, मुकदमों के प्रबंधन, मुवक्किलों से संवाद और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के आदान-प्रदान के लिए कर रहे थे। दोनों खाते बंद होने से उनका पेशेवर कामकाज प्रभावित हुआ है। याचिका में खाते बंद करने की कार्रवाई को संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(g) और 21 से जुड़े अधिकारों के प्रतिकूल बताते हुए सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के अनुपालन पर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने दोनों खाते बहाल करने और कथित नियम उल्लंघन पर उचित कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है। फिलहाल हाई कोर्ट ने वाट्सऐप का पक्ष सामने आने के लिए समय दिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No. : MPHIN/2008/24240

हरिभूमि
जबलपुर भूमि
7
जबलपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026
login : www.haribhoomi.com

पार्षद अयोध्या तिवारी सहित अन्य के कब्जे पर हस्तक्षेपकर्ता ने उठाए सवाल, लीज जारी नहीं होने का दावा

गोलबाजार अतिक्रमण मामला : 19 नवंबर को अंतिम सुनवाई, अब नहीं मिलेगा स्थगन

जबलपुर। गोलबाजार की सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण से जुड़े मामले में हाई कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के लिए 19 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कागजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने दोपहर 2:30 बजे सुनवाई तय करते हुए स्पष्ट किया है कि अब इस मामले में आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। इससे लंबे समय से चल रहे इस मामले में निर्णायक सुनवाई की उम्मीद बढ़ गई है।

सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता अमित जैन की ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा, नगर निगम की ओर से अधिवक्ता सौरभ सुंदर व डीएन जैन ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता आकाश चौधरी ने पक्ष रखा। हस्तक्षेपकर्ता अमित जैन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गोलबाजार की संबंधित जमीन पर पार्षद अयोध्या तिवारी सहित अन्य लोगों का अतिक्रमण है। उनके पक्ष में नगर निगम की ओर से कभी लीज जारी नहीं की गई। यह भी बताया गया कि संबंधित कब्जे हटाने के लिए नोटिस दिया जा चुका है। मामले में जमीन के स्वामित्व, कब्जे की वैधता और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से जुड़े पहलुओं पर अंतिम सुनवाई के दौरान विचार किया जाएगा। गोलबाजार की करीब 12,800 वर्गफीट सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला पहले भी हाईकोर्ट में उठ चुका है। जयदीप शाह की याचिका पर मार्च 2026 में जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की बेंच ने अतिक्रमणों की पहचान कर उन्हें हटाने तथा कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए थे। बाद की सुनवाई में जमीन से जुड़े दस्तावेजों और कब्जे की वैधता का मुद्दा भी सामने आया।

आरआई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर ने किया आधारताल तहसील कार्यालय का निरीक्षण

जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मंगलवार को आधारताल तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार न्यायालय एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी न्यायालय में दर्ज राजस्व प्रकरणों, उनके निराकरण की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर रविशंकर राय, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी आधारताल मदन सिंह रघुवंशी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदार न्यायालय में नजूल नामांतरण प्रकरणों से संबंधित फाइलों की जांच की। उन्होंने नामांतरण के प्रकरणों की जांच में पाया कि उचित समन शुल्क जमा कराए बिना नामांतरण की कार्रवाई की जा रही थी। इन प्रकरणों में मात्र एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाकर बिना अनुज्ञप्ति के उल्लंघन से नामांतरण किए जा रहे थे। उन्होंने इस संबंध में संबंधित राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पिछले माह और कुछ रिजेक्ट किए गए नामांतरण के प्रकरणों का परीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों में, जहां अनावेदक पहले से मौजूद हैं, नामांतरण करने से पहले नियमानुसार निर्धारित समन राशि के स्थान पर 0.5 प्रतिशत समन शुल्क जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी न्यायालय में भी संधारित राजस्व अभिलेखों, प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया और राजस्व कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने लंबित फाइलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण से संबंधित कार्यों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

पमरे में पेयजल की गुणवत्ता जांच और निगरानी व्यवस्था मजबूत



जबलपुर। यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा नियमित जांच एवं निगरानी की जा रही है। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पानी के नमूनों का अवशिष्ट क्लोरीन, बैक्टीरियोलॉजिकल और रासायनिक परीक्षण किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों में स्टेशनों के जल स्रोतों, नलों, वाटर बूथों, पाइपलाइनों और पानी की टंकियों की नियमित सफाई, मरम्मत एवं निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि पेयजल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप बनी रहे। जांच के दौरान गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। इसके तहत पाइपलाइनों में लीकेज की मरम्मत, जरूरत के अनुसार पाइप बदलने, पानी की टंकियों एवं वाटर कूलरों की सफाई तथा टंकियों में ढक्कन और जाली की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों और कर्मचारियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना तथा नियमित परीक्षण के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था की गुणवत्ता बनाए रखना है।

पमरे की यात्री आय में 24.63 प्रतिशत की वृद्धि, सितंबर में 258.59 करोड़ रुपये का राजस्व

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे ने सितंबर 2026 में यात्री यातायात से 258 करोड़ 59 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 207 करोड़ 48 लाख रुपये की तुलना में 24.63 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान 103 लाख 21 हजार यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.76 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सितंबर में आरक्षित टिकटों से 191 करोड़ 97 लाख रुपये और अनारक्षित टिकटों से 66 करोड़ 62 लाख रुपये की आय हुई। मंडलवार राजस्व में भोपाल मंडल ने 101 करोड़ 62 लाख, जबलपुर मंडल ने 96 करोड़ 82 लाख तथा कोटा मंडल ने 60 करोड़ 15 लाख रुपये का योगदान दिया। वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से सितंबर तक रेलवे ने यात्री यातायात से 1,409 करोड़ 83 लाख रुपये अर्जित किए, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 9.69 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान कुल 614 लाख 15 हजार यात्रियों ने सफर किया, जो 4.35 प्रतिशत की वृद्धि है। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए रेलवे द्वारा मांग के अनुरूप स्पेशल ट्रेनों का संचालन, अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था, प्रतीक्षा सूची कम करने तथा नए ठहराव और प्रायोगिक ठहराव की अवधि बढ़ाने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल

जबलपुर सहित कई जिलों के कलेक्टर बदले



नए कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा

जबलपुर । मध्यप्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने कई आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली हैं। बालाघाट कलेक्टर कुमार सत्यम को हरदा भेजा गया है। रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को जबलपुर की कमान मिली है। वहीं, जबलपुर कलेक्टर राघवेन्द्र को मंडी बोर्ड का प्रबंध संचालक बनाया गया है। भारत यादव को जनसंपर्क सचिव और सुखबीर सिंह को मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। बालाघाट के कलेक्टर कुमार सत्यम को हरदा जिले का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, रायसेन के कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को जबलपुर की कमान सौंपी गई है। जबलपुर के मौजूदा कलेक्टर राघवेंद्र को मंडी बोर्ड का प्रबंध संचालक बनाया गया है।



निवर्तमान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह बने मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक

शाजापुर, नर्मदापुरम में भी बदलाव

शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना को पद से हटाया गया है। उनकी जगह परीक्षित झाड़े को शाजापुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, आईएएस अधिकारी आशीष वसिष्ठ को नर्मदापुरम जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सिंगरौली और नीमच को मिले नए कलेक्टर

प्रशासनिक फेरबदल में सिंगरौली और नीमच जिलों में भी नई नियुक्तियां की गई हैं। ईसीबी के डायरेक्टर अंकित अस्थाना को सिंगरौली का कलेक्टर बनाया गया है, जबकि अंकिता धाकरे को नीमच जिले की कमान सौंपी गई है।

वकालतनामों में गड़बड़ी और वकील-जेल अधिकारी-बिचौलियों के कथित गठजोड़ पर हाईकोर्ट गंभीर

जेलों में हर दो से चार महीने में लगें कानूनी सहायता शिविर

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जेलों में बंद आरोपियों को गुमराह कर वकालतनामा हासिल करने की कथित गड़बड़ियों पर गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने सुझाव दिया है कि प्रदेश की सभी जेलों में हर दो से चार महीने के अंतराल पर नियमित कानूनी सहायता शिविर लगाए जाएं। इससे ऐसे बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी, जो वकील नियुक्त करने में असमर्थ हैं या उसका खर्च नहीं उठा सकते। साथ ही, तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर अथवा छलपूर्वक वकालतनामा हासिल करने की आशंका पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

यह मामला आपराधिक अपील अरविंद कुमार एवं अन्य विरुद्ध मध्य प्रदेश शासन व अन्य से संबंधित है। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने ताजा आदेश में पूर्व में सात अप्रैल, 10 अगस्त और एक सितंबर 2026 को पारित आदेशों का संदर्भ लेते हुए वकीलों, जेल अधिकारियों और बिचौलियों के कथित गठजोड़ के माध्यम से हुई गड़बड़ियों का उल्लेख किया। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूर्व निर्देशों के पालन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और उसमें कुछ उपाय सुझाए गए हैं। वहीं, राज्य अधिवक्ता परिषद की ओर से बताया गया कि परिषद के नए निकाय के गठन की अधिसूचना प्रकाशित हो चुकी है और निकाय शीघ्र काम शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्देशों के अनुरूप दोषी सदस्यों के विरुद्ध उचित कदम उठाए जाएंगे।

कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को सुझाव दिया कि जेल एवं सुधारात्मक सेवाओं के महानिदेशक की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट में सभी जेलों के बंदियों के लिए नियमित विधिक सहायता शिविर आयोजित करने का प्रविधान शामिल किया जाए। इसका उद्देश्य ऐसे बंदियों को कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराना है, जो अपना अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते या जिनके पास उसका खर्च उठाने की क्षमता नहीं है। कोर्ट ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार प्रत्येक दो से चार महीने में नियमित शिविर आयोजित किए जाने चाहिए। इससे बंदियों से तथ्यों का गलत प्रस्तुतीकरण कराकर या किसी प्रकार की गड़बड़ी के जरिए वकालतनामा हासिल करने की समस्या से बचने में मदद मिलेगी।

शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट के सुझाव को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी देने और योजना में इस प्रविधान को शामिल कराने तथा उसे लागू करने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता राम प्रकाश यादव ने अपना वकील बदलने संबंधी आवेदन वापस लेने की इच्छा जताई। हालांकि, पूर्व में इस मांग को खारिज किए जाने का हवाला देते हुए पक्षकारों के अधिवक्ताओं ने आपत्ति की। इस पर कोर्ट ने फिलहाल वकील बदलने की मांग अस्वीकार कर दी। इसके बाद अपीलकर्ताओं की ओर से सजा निलंबित करने के मुद्दे पर बहस के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया, जिसे स्वीकार करते हुए मामले को अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया।

अनियमितताओं पर शिशु मंगल हॉस्पिटल का लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित

जबलपुर। अनमोल एवं पीसीपीएनडीटी पोर्टल पर निर्धारित प्रविष्टियां नहीं करने और अन्य अनियमितताएं पाए जाने पर राइट टाउन स्थित शिशु मंगल हॉस्पिटल का पंजीयन एवं लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने की है। सीएमएचओ कार्यालय के अनुसार, 12 अक्टूबर को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनीता उप्पल, नोडल अधिकारी डॉ. आदर्श विश्नोई एवं पीसीपीएनडीटी शाखा के सौरभ चोटिल ने अस्पताल का संयुक्त निरीक्षण किया। जांच में अनमोल पोर्टल पर कोई प्रविष्टि नहीं मिली। फरवरी 2026 से निरीक्षण तक हुई 21 सोनोग्राफी जांचों में केवल नौ के फॉर्म-एफ की प्रविष्टियां पीसीपीएनडीटी पोर्टल पर दर्ज पाई गईं। निरीक्षण में योग्य एलोपैथिक चिकित्सक की अनुपलब्धता, नर्सिंग स्टाफ की योग्यता संबंधी दस्तावेजों का अभाव तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण और साफ-सफाई में भी कमियां मिलीं। निलंबन अवधि में नए मरीजों की भर्ती प्रतिबंधित रहेगी। वर्तमान भर्ती मरीजों का उचित उपचार कर चिकित्सकीय स्थिति के अनुसार डिस्चार्ज या अन्य पंजीकृत अस्पताल में सुरक्षित स्थानांतरण करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. कोठारी ने कहा कि निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

3 अलग-अलग मामलों में सायबर ठगी के प्रकरण दर्ज

नौकरी और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी

जबलपुर। शहर में नौकरी दिलाने और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी के तीन मामले सामने आए हैं। गौरीघाट और रांझी थाना क्षेत्रों में दर्ज शिकायतों के आधार पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिए हैं। आरोपियों ने नौकरी दिलाने, हैंडराइटिंग का काम देने और मोबाइल हैक कर बैंक खाते से रकम निकालने के जरिए लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया।



नौकरी के नाम पर दो लाख रुपये की ठगी

थाना गौरीघाट में रिलायबल स्टेट निवासी 33 वर्षीय अभिषेक डे मजुमदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से हैदराबाद स्थित एक कंपनी में वर्क फ्रॉम होम की नौकरी के लिए संपर्क किया था। कंपनी के एचआर जगदीश रविल्ला ने नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे दो लाख रुपये की मांग की। फरियादी के अनुसार, उन्होंने 30 अप्रैल 2026 को एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक खातों से 50-50 हजार रुपये तथा 4 मई 2026 को कोटक महिंद्रा बैंक खाते में 50 हजार रुपये और अपने दोस्त अमन राव के खाते से यूपीआई के जरिए एचआर के खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद कंपनी की ओर से उन्हें लेनोवो कंपनी का लैपटॉप दिया गया। उन्होंने करीब दो माह काम किया, लेकिन उन्हें वेतन नहीं मिला। अन्य कर्मचारियों से बातचीत करने पर पता चला कि उन्हें भी कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया था और उनसे भी पैसे लिए गए थे। इसके बाद फरियादी को धोखाधड़ी का संदेह हुआ। एचआर से रकम वापस मांगने पर उसने पैसे लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन रकम वापस नहीं की। पुलिस ने शिकायत पर धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

हैंडराइटिंग का काम दिलाने के नाम पर 50 हजार से अधिक की ठगी

दूसरा मामला थाना रांझी का है। रामनगर, व्हीएफजे मड़ई निवासी 20 वर्षीय सृष्टि कुलस्ते ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम हैंडराइटिंग का विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर व्हाट्सऐप के जरिए संपर्क करने पर एक व्यक्ति ने अपना नाम विनय अग्रवाल और दूसरे ने सुशांत अरोरा बताया। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 499 रुपये और हैंडराइटिंग का सामान भेजने के लिए डिलीवरी चार्ज के नाम पर 1,599 रुपये मांगे। इसके बाद अलग-अलग शुल्क बताकर लगातार रकम की मांग की गई। फरियादिया ने 7 अक्टूबर 2026 तक गूगल पे के माध्यम से कुल 50 हजार 793 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब आरोपियों ने और पैसे मांगे तो उन्हें धोखाधड़ी का संदेह हुआ। इंस्टाग्राम आईडी पर जांच करने पर अन्य लोगों ने भी कमेंट कर उसे फर्जी बताया था। पुलिस ने शिकायत पर धारा 318(4) और 319(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 74 हजार 954 रुपये

तीसरा मामला भी रांझी थाना क्षेत्र का है। शारदा नगर निवासी 30 वर्षीय शुभम पटेल, जो डिलीवरी बॉय का काम करते हैं, ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई कि 9 अक्टूबर 2026 की रात करीब 11:30 बजे उनके मोबाइल पर बैंक खाते से 74 हजार 954 रुपये डेबिट होने का मैसेज आया। उन्होंने फोन-पे के माध्यम से बैंक खाते की जांच की तो पता चला कि उक्त रकम किसी निखिल नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुई थी। यूनियन बैंक शाखा जाकर स्टेटमेंट निकलवाने और खाते की जानकारी जांचने पर उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी का पता चला। शिकायत में आशंका जताई गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने लिंक भेजकर उनका मोबाइल हैक किया और बैंक खाते से रकम निकाल ली।पुलिस ने शिकायत पर धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

डॉ. प्रतिभा ने जीते 11 हजार, डॉ मुथुरमन को मिला 6 हजार रुपए का पुरस्कार

पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के डीएम छात्रों ने नेशनल क्विज में मारी बाजी

जबलपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीएम (पल्मोनरी मेडिसिन सुपर स्पेशियलिटी) के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। 11 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित ब्रेथ बेटर समिट 2026 प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में मेडिकल कॉलेज की डॉ. प्रतिभा ने पहला स्थान हासिल कर 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार जीता। वहीं, डॉ. मुथुरमन ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 6 हजार रुपए का पुरस्कार अपने नाम किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने दोनों विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, एसईपीएम के संचालक डॉ. अशोक विधार्थी ने छात्रों की सफलता को उनकी लगन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया।



क्लिनिकल प्रैक्टिस में भी मिल रहा लाभ

पल्मोनरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आर्य ने छात्रों की उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग में रोजाना होने वाली क्लिनिकल गतिविधियों और डीएम छात्रों की सक्रिय भागीदारी से उनकी शैक्षणिक दक्षता बेहतर हो रही है। इससे मरीजों को प्रोटोकॉल और गाइडलाइन के आधार पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में भी मदद मिल रही है।

कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई

जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों से कुल 133 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 46 दोबारा आए आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में नामांतरण, सीमांकन, अवैध कब्जा, आधार कार्ड सुधार, अतिक्रमण, नक्शा सुधार, राजस्व प्रकरण से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर नीता राठौर, शैलेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गले पर चाकू मारने वाले को दस साल की सजा

जबलपुर। पुरानी रंजिश के चलते युवक के गले पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी राहुल राजपूत को जिला अदालत ने दस साल के कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश अजय रामावत की अदालत ने आरोपी पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन के अनुसार, 24 मार्च 2024 को रांझी के शांति नगर क्षेत्र में मस्ताना चौक निवासी राहुल राजपूत ने पुरानी रंजिश के चलते रितेश यादव को रोका और गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने चाकू जैसे धारदार हथियार से रितेश के गले पर वार कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले में रांझी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए उक्त सजा सुनाई।

वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, चाकू और बेसबॉल स्टिक जब्त

अपहरण व मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। चरगवां थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक का कथित रूप से अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की बोलेरो कार, बेसबॉल का डंडा और चाइना चाकू जब्त किया है। मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। चरगवां पुलिस के मुताबिक आरोपी 23 वर्षीय राजा स सेन, 32 वर्षीय महेन्द्र उर्फ गोलू झारिया को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गत 12 अक्टूबर 2026 को ग्राम सेमरा निवासी 27 अरविंद गौड़ का आरोपी राजा सेन और महेंद्र झारिया ने अपहरण किया और उसे बुलेरो वाहन में बैठाकर ले गए। अरविंद का पता नहीं चलने पर परिजनों ने थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने राजा सेन और महेन्द्र झारिया के विरुद्ध धारा 140(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस टीम ने तत्काल नाकेबंदी कर अपहृत युवक की तलाश शुरू की। इसी दौरान अरविंद गौड़ पैदल आता दिखाई दिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ भूरा गौड़ के घर के पास बैठा था, तभी राजा सेन और महेन्द्र झारिया दो अन्य युवकों के साथ बोलेरो से पहुंचे। पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने के बाद उसे जबरन वाहन में बैठा लिया गया। अरविंद के मुताबिक, आरोपियों ने बोलेरो के अंदर उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उसे बरेला के हिनौतिया क्षेत्र में ले गए। वहां महेन्द्र ने बेसबॉल के डंडे से तथा अन्य दो युवकों ने हाथ-मुक्कों से उसके साथ मारपीट की। इस दौरान राजा सेन चाकू दिखाकर उसे धमकाता रहा। मारपीट के बाद आरोपी उसे वहीं छोड़कर बोलेरो से फरार हो गए। मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को बुलेरो सहित खोखा रोड स्थित नहर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो कार, बेसबॉल का डंडा और चाइना चाकू जब्त कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

मंदिरों में हो रहा भव्य श्रृंगार, सुबह से देर रात तक चहल पहल

पंडालों में विराजी भवानी, भक्तों का लगा मेला

जबलपुर। नवरात्र पर्व पर माँ जगदम्बा की भक्ति में संस्कारधानी सराबोर है। देवी मंदिरों में भक्तिगीतों की स्वर लहरियां गूंज रही हैं। आज बुधवार को नवरात्र की चतुर्थी तिथि है। चतुर्थी में माँ के चौथे रुप कूष्मांडा का पूजन किया जाएगा। पंचमी तिथि को प्रायः अधिकांश स्थानों पर जगत जननी की प्रतिमाओं की स्थापना कर ली जाएगी, और इसी के साथ ही माँ के विविध रुपों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जनसैलाब सड़कों पर दिखाई देगा। गढ़ा फाटक और पड़ाव की महारानी के रुप में प्रसिद्ध माता महाकाली के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सुबह से ही पूजन अर्चन करने वालों का तांता लग जाता है जो देर रात तक जारी रहता है।

माँ कूष्मांडा के पूजन से आयु, यश, बल की प्राप्ति

नवरात्र के चौथे दिन माता कूष्मांडा का पूजन मंदिरों एवं घरों में किया जाएगा। इस संबंध में पंडित पीएल गौतमाचार्य ने बताया कि नवरात्रि पर भगवती कूष्मांडा के पूजन का विशेष महत्व होता है और उन्हें सृष्टि की उत्पत्ति का कारक भी माना गया है, इसलिये माता कूष्मांडा को कुम्हड़ा अवश्य भेंट करना चाहिए, साथ ही मालपुआ एवं खीर का भोग भी लगाने से आयु, यश, बल एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है। भगवती कूष्मांडा अल्प सेवा से ही प्रसन्न हो जाती है। चौथे दिवस पर 5 वर्ष की कन्या को आमंत्रित कर वस्त्र एवं सौन्दर्य सामग्री भेंट करना चाहिए। इससे जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती है।

बगलामुखी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश बने आस्था के केन्द्र

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में शारदेय नवरात्र पर्व पर नित्यप्रति धार्मिक अनुष्ठान चल रहे है मां भगवती पीताम्बरा देवी का पूजन अर्चन एवं मां भगवती राजराजेश्वरी का विशेष पूजन किया जा रहा हैं। यहां मनोकामना अखण्ड ज्योति कलश आस्था व श्रद्धा का केन्द्र बने हुए है। सिद्धपीठ में बनी यज्ञशाला में 1001 भक्तों द्वारा अखण्ड ज्योति कलश मनोकामना पूर्ण करने के लिए प्रज्वलित की गई है। यज्ञशाला में विशेष पूजन अर्चन किया जा रहा है। वहीं मंदिर में मां बगुलामुखी की विशेष पूजा अर्चना ब्रह्मचारी चैतन्यानंद द्वारा की जा रही है। रात में प्रतिदिन महाआरती होती है। दिनभर मंदिर में भक्तों का मेला लगा रहता है। भक्तों से उपस्थिति की अपील प्रकाश द्विवेदी, मधु यादव, मनोज सेन आदि ने की है।



पुराना बस स्टैंड सिहोरा
स्थापना वर्ष : 2010



श्री महामाया नगर पालिका रोड
स्थापना वर्ष : 1992



जागरूक समिति गढ्या मोहल्ला
स्थापना वर्ष : 1991



नवनीत समिति हिन्दी स्कूल
स्थापना वर्ष : 1968

माताराणी की चहूंओर हो रही जय जयकार

सिहोरा। रविवार से प्रारम्भ हुए जगत जननी की आराधना उपासना के महापर्व शारदेय नवरात्र पर जहां जगह जगह दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई वहीं देवी मठों देवालयों में भी नौ दिनों तक भक्तों का तांता लगा रहेगा सभी देवी मंदिरों खासकर कंकाली मंदिर,दुर्गा मंदिर,बूढ़ी माई,मां ज्वाला देवी,पर्वतवासिनी खेर मां खितौला सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की सुबह से मां को जल चढ़ाने लम्बी कतार लग जाती है सभी देवी मठों में आकर्षक साज सज्जा की गई है। दुर्गा समिति सदस्य भी भक्तों को आकर्षित करने के लिए दुर्गा पंडाल को सजाने संवारने में लगे हैं। नवरात्र के नौ दिनों तक घर घर में भक्तगणों द्वारा उपवास रखने के साथ माता को प्रसन्न करने विशेष उपासना की जा रही है।सिहोरा खितौला में अब तक लगभग एक सैकड़ा से अधिक एक से बढ़कर एक दुर्गा प्रतिमा झांकी के साथ स्थापित की जा चुकी है। अभी पंचमी को भी अनेक प्रतिमाएं स्थापित की जायेगी। मुख्य रुप से पुराना बस स्टेंड समिति सिहोरा के अध्यक्ष गोलू कुररिया ने बताया समिति द्वारा स्थापना वर्ष 2010 से दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की जा रही है अभी कुछ शालो से महाकाली की प्रतिमा स्थापित करने लगे हैं। नगर पालिका रोड़ में श्री महामाया सनातन धर्मोत्सव मंडल पुराना बस स्टैंड सिहोरा स्थापना वर्ष 1992 अध्यक्ष अनिल पटेल, जागरुक युवा समिति के अध्यक्ष राजेश दाहिया ने बताया समिति द्वारा 1991 से एक ही स्वरुप में माता महाकाली की स्थापना की जा रही है। इसी तरह नवनीत समिति हिन्दी स्कूल द्वारा 1968 से प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। समिति के अध्यक्ष प्रमोद सेठी । इस बार सिहोरा खितौला में एक दर्जन से अधिक माता महाकाली की प्रतिमा स्थापित की गई है।



राष्ट्रीय फ्लाइंग किक प्रतियोगिता में बरेला की खुशी यादव ने जीता स्वर्ण पदक

बरेला। बरेला नगर की होनहार खिलाड़ी खुशी यादव ने 10वीं राष्ट्रीय फ्लाइंग किक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से बरेला नगर सहित पूरे जबलपुर जिले में हर्ष का माहौल है।किसानी मोहल्ला निवासी सोनू यादव की पुत्री खुशी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी सफलता ने साबित किया कि दृढ़ संकल्प और लगन से छोटे नगरों की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। खुशी की इस उपलब्धि से परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। खेलप्रेमियों एवं नगरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। खुशी की सफलता क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। उनकी इस उपलब्धि से बरेला में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिलेगी।

बरेला में 16 एवं 17 अक्टूबर को होगा गरबा महोत्सव

बरेला। पनागर विधायक सुशील तिवारी के निर्देशन में गरबा महोत्सव समिति बरेला द्वारा 16 एवं 17 अक्टूबर को मेला ग्राउंड बरेला में भव्य गरबा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महोत्सव में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। सीएम राइज विद्यालय में मातृशक्ति की टीम द्वारा बच्चियों को गरबा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती माया इंदु तिवारी शामिल होंगी। 16 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नृत्यांगना अंशिका विश्वकर्मा अपने डांस ग्रुप के साथ प्रस्तुति देंगी, जबकि 17 अक्टूबर को सुप्रसिद्ध देवी गीत गायिकाएं सुरभि एवं नम्रता गुप्ता अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगी। गरबा महोत्सव समिति ने नगरवासियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

भंवरलाल गार्डन महिला योगा ग्रुप ने उत्साह से मनाया 'मां भवानी रास गरबा'



जबलपुर। भंवरलाल गार्डन महिला योगा ग्रुप द्वारा नेपियर टाउन स्थित होटल अमृत में 'मां भवानी रास गरबा' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। ग्रुप अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व 10 दिनों तक सुश्री सौम्या सोंधिया एवं मैथली महरोलिया ने महिलाओं को गरबा, गुजराती लोकनृत्य 'खम्मा रे खम्मा', कपल गरबा एवं डांडिया का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती प्रतिमा अग्रवाल, मधु श्रोती, नीलू सोनी, विनीता व्यास एवं रेशमा पाहुजा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद मां भवानी की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने गरबा एवं डांडिया प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार श्रीमती रेखा ठाकुर तथा द्वितीय पुरस्कार श्रीमती मनीषा चौरसिया को प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती गीतांजलि, रीना, पूजा, अभिलाषा, मंजू, वर्षा, दीपिका, कोमल एवं वंशिका का विशेष सहयोग रहा।



पमरे के पांच रेलकर्मियों को उत्कृष्ट संरक्षा पुरस्कार

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सितंबर 2026 में ड्यूटी के दौरान सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता से संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने वाले पांच रेलकर्मियों को उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत कर्मचारियों में शिवधारी सिंह, गुड्स लोको पायलट, जबलपुर; कमलेन्द्र प्रताप सिंह, पॉइंट्समैन, खुटहा; विकास दुबे, ट्रैकमैन-II, बीना; अमर सिंह मीणा, वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर, गंगापुर सिटी जंक्शन तथा रजनीश कुमार मीना, स्टेशन अधीक्षक, छबड़ा गुगोर शामिल हैं। ये कर्मचारी जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों में पदस्थ हैं। इन रेलकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान रेललाइन पर मोटरसाइकिल, हॉट एक्सल, ब्रेक जाम और ब्रेकवान वैगन में भारी लीकेज जैसी खामियों को समय रहते पहचानकर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई की, जिससे रेल परिचालन को सुरक्षित बनाने में मदद मिली। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा एवं सजगता की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरुमुखी तथा उप मुख्य संरक्षा अधिकारी अजय कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



निगमायुक्त ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा अतिक्रमण और ब्लैक स्पॉट खत्म करने के निर्देश

जबलपुर। नगर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर शहर में गुणवत्तापूर्ण सड़क मरम्मत, स्वच्छता, सुगम यातायात और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय प्रभारियों को विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। निगमायुक्त ने सड़कों पर गुणवत्तापूर्ण पैचवर्क कराने तथा शहर में जीरो ब्लैक स्पॉट का लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। उन्होंने सफाई, स्ट्रीट लाइट और नियमित जल वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए प्रमुख चौराहों के लेफ्ट टर्न और मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने तथा नियमित निगरानी करने को कहा गया।



छोटा फुहारा में एडवोकेट चिंतामन साहू मार्ग का लोकार्पण

जबलपुर। छोटा फुहारा क्षेत्र में स्वर्गीय एडवोकेट चिंतामन साहू की स्मृति में 'एडवोकेट चिंतामन साहू मार्ग' का नामकरण एवं लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' रहे, जबकि अध्यक्षता सांसद आशीष दुबे ने की। स्वागत भाषण में प्रभात साहू ने अपने पिता के जीवन संघर्ष को याद करते हुए बताया कि आपातकाल के दौरान 26 जून 1975 को गिरफ्तारी के बाद उन्हें लगभग 18 माह केंद्रीय जेल में रहना पड़ा। उन्होंने जनसंघ से जुड़कर संगठनात्मक कार्य किए और 1977 में जनता पार्टी के गठन के बाद उसके प्रथम अध्यक्ष का दायित्व संभाला। शासकीय अधिवक्ता के रूप में भी उन्होंने सेवाएं दीं। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने 13 जनवरी 1969 को उन्हें विशेष प्रशंसा-पत्र से सम्मानित किया था।



एमएएनआईटी भोपाल के विद्यार्थियों ने देखा जबलपुर का विकास मॉडल

जबलपुर। मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएएनआईटी), भोपाल के छात्र-छात्राओं ने अध्ययन भ्रमण के दौरान जबलपुर में नगर निगम के विकास कार्यों और तकनीकी नवाचारों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और डुमना नेचर पार्क का भ्रमण कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नगरीय स्वच्छता एवं जैव विविधता की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के बाद विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार से सौजन्य भेंट की। इस दौरान निगमायुक्त ने मां नर्मदा के महत्व, उसके प्रवाह और पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी देते हुए नदी संरक्षण पर शोध करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली, विकास योजनाओं और पर्यावरण संरक्षण संबंधी नवाचारों की सराहना की। उन्होंने निगमायुक्त के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

स्टेनोग्राफर भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग, एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में वर्ष 2012-13 के दौरान जूनियर स्टेनोग्राफर पदों पर हुई नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर NSUI के प्रदेश सचिव एजाज अंसारी एवं प्रतीक गौतम के नेतृत्व में कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया के नियमों, पात्रता मानदंडों, आरक्षण रोस्टर, अभ्यर्थियों की योग्यता, प्रमाणपत्रों की वैधता, चयन प्रक्रिया एवं वेतनमान निर्धारण की जांच कराने की मांग की गई। संगठन ने विज्ञापन क्रमांक 990, दिनांक 19 जून 2013 से संबंधित नियुक्तियों के अभिलेखों की जांच कर वास्तविक तथ्यों को सामने लाने की मांग भी की।NSUI पदाधिकारियों ने कहा कि यदि जांच में अनियमितताएं या नियमों का उल्लंघन प्रमाणित होता है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान अनुराग शुक्ला, वकार राईन, अदील सैय्यद, समीर अंसारी, असदाक अनवर, युग ठाकुर, निखिल वंशकार, सोनू बर्मन, अंकित सूर्यवंशी, भोलू ठाकुर, अरुण बिल्थरे एवं अभिषेक कुर्मी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



श्री अरविंद कुमार शिवहरे- शुभलक्ष्मी रेसीडेंसी नेपियर टाउन निवासी श्री अरविंद कुमार शिवहरे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रामकली चौधरी- कांचघर नई बस्ती श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली चौधरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती जया बेन चौहान- चिमनी प्लाट महानददा निवासी श्री बाजरंग भाई चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती जया बेन चौहान (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती विमला बाई सोनकर- खटीक मोहल्ला महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री कोमल प्रसाद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई सोनकर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री नैतिक ठाकुर- ब्रम्हर्षि कॉलोनी गौरीघाट निवासी श्री अशोक ठाकुर के पुत्र श्री नैतिक ठाकुर (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कुलवंत सिंह- हाथीलाल निवासी श्री कुलवंत सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती संध्या श्रीवास्तव- न्यू जगदंबा कॉलोनी निवासी श्री संतोष श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या श्रीवास्तव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पार्वती विश्वकर्मा- चेरीताल निवासी श्री हरिहर प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती विश्वकर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति- पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अनंत राम गुप्ता न्यूजगदंबा कॉलोनी निवासी श्री अनंत राम गुप्ता का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

श्री श्याम लाल अहिरवार- रेलवे लाइन चौधरी मोहल्ला रामपुर निवासी श्री श्याम लाल अहिरवार (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती तोमनी स्वामी- उदयनगर नंबर 1, व्हीकल निवासी श्री लक्ष्मण स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती तोमनी स्वामी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दीनदयाल वर्षे- सर्वोदय स्कूल के पीछे कांचघर शीतलामाई रोड निवासी श्री दीनदयाल वर्षे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री भगवान दास सारवान- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री भगवान दास सारवान (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रामरती बाई ठाकुर- गंगासागर रोड लोधी मोहल्ला निवासी श्री अमोल सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रामरती बाई ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर- रामपुर सहकर नगर निवासी श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती देविका सिन्हा- इंदिरा नगर बिलपुरा निवासी श्री सुनील सहाय सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती देविका सिन्हा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति वर्गसेमी
बिजिस साइज:- 1X1 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
बिजिस साइज:- 1X1 से.मी. रंगीन 400/-
बिजिस साइज 1X3 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, रुपए के उतार-चढ़ाव पर होगी नजर

बाहरी कारणों से रुपए में आई गिरावट, आरबीआई जारी रखेगा उतार-चढ़ाव रोकने के प्रयास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले डेढ़ साल में रुपये के मूल्य में बाहरी कारकों के चलते काफी गिरावट आई है और घरेलू मुद्रा में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने प्रयास जारी रखेगा। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार सहित भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा है।

- वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले निचले स्तर पर

खास बातें

- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सहित आर्थिक बुनियाद काफी मजबूत
- आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा



बजट की तैयारी शुरू हो चुकी है

प्रतिभूति बाजार में करों के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर में बदलाव को लेकर चर्चा होना अच्छा है और वह इस संबंध में दिए जा रहे सुझावों को गंभीरता से सुनेंगी। उन्होंने कहा, "हम बजट के काफी करीब हैं और इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। मेरे लिए यह बताने का सबसे अच्छा समय नहीं है कि मैं किन प्रस्तावों पर विचार करूंगी और किन पर

रुपया अपना स्तर खुद ही तय करें

रुपये में गिरावट के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि आरबीआई अपने उपायों के जरिये रुपये के मूल्य का कोई निश्चित स्तर तय करने के बजाय उसमें अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, "आरबीआई के ये प्रयास जारी रहेंगे। हालांकि, उसका उद्देश्य रुपये का मूल्य तय करना नहीं है।

रुपए के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश के लिए सख्त नियम

केंद्रीय बैंक ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए एक विशेष सुविधा बनाने की घोषणा की, जिससे डॉलर की उनकी मांग हाजिर बाजार से हट सकेगी। इसके अलावा, रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव कारोबार के नियम सख्त किए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई के हालिया उपायों से रुपये को समर्थन मिला है।

देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा

सोमवार को रुपये के मूल्य में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि मंगलवार को शुरुआती कारोबार में यह मजबूत होकर 94.96 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं।और देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। रुपये में पिछले डेढ़ साल के दौरान काफी गिरावट आई है, जिसकी मुख्य वजह बाहरी चुनौतियां हैं।

रुपए में मजबूती से सोना 400 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये में मजबूती के कारण घरेलू सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 400 रुपये टूटकर 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के बंद भाव 1,53,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 400 रुपये घटकर 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को इसका भाव 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। रुपया लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 40 पैसे की बढ़त के साथ 95.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

एलआईसी के पेंशन, स्वास्थ्य व कैंसर से जुड़े बीमा प्लान लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने मंगलवार को तीन नए बीमा प्लान- 'न्यू जीवन धारा-2, हेल्थ शील्ड और कैंसर कवर' पेश किए। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने एक बयान में कहा कि 'न्यू जीवन धारा-2' एक गैर-भागीदारी, गैर-संबद्ध व्यक्तिगत बचत प्लान है, जिसमें पॉलिसी की शर्तों के अनुरूप सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के रूप में गारंटीशुदा आय मिलती है। वहीं, 'हेल्थ शील्ड' प्लान पूरे परिवार को व्यापक स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा देता है। इसमें पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान प्रीमियम की दरें सुनिश्चित रहेंगी। योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने पर प्रतिदिन एक निश्चित नकद राशि मिलेगी। इसके अलावा, बड़ी सर्जरी और गंभीर बीमारियों की स्थिति में एकमुश्त राशि देने का भी प्रावधान है। एलआईसी ने कहा कि 'कैंसर कवर' प्लान के तहत कैंसर की निर्धारित शुरुआती और गंभीर अवस्था का पता चलने पर निश्चित वित्तीय लाभ दिया जाएगा। यह राशि बीमित व्यक्ति के इलाज पर वास्तव में हुए खर्च पर निर्भर नहीं करेगी।

- कंपनी ने तीन नए बीमा प्लान लांच किए

कैंसर कवर प्लान में बीमित राशि 50 लाख रुपए होगी

बीमा कंपनी के मुताबिक, इस योजना में न्यूनतम मूल बीमित राशि उम्र संबंधी पात्रता के आधार पर 15 लाख रुपये से 35 लाख रुपये तक है।

कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन - 482001 Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक - 13 / सा / 2026-27 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक 12.10.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला / लो.नि.वि. संभाग	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि रू.(लाख में)	अमानत राशि रु.	निविदा प्रपत्र राशि रू.	समयावधि
1	2026_PWDRB_542462_1	जबलपुर क्रं.-2	बरगी-बरेला - सिलुआ मार्ग लं. 17.65 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित	प्रथम	3791.44	18,95,800/-	50,000/-	18 माह वर्षाऋतु सहित

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 28.10.2026 समय 5:30 PM तक है । निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

G-19998/26

खंड -I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2746 ई-टेंडरिंग /2026-27 दिनांक 09/10 /2026

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015(यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	प्रशासनीक फार्मो का विवरण	Specification	इकाई	अनुमानित मात्रा	सत्यांकार निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	2	3	4	5	6	7
1	कार्यालय में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी (BoQ तथा पोर्टल अपलोड सूची में उल्लेखित ।)	कार्यालय में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी (BoQ तथा पोर्टल अपलोड सूची में उल्लेखित ।)	NOS	-	20000.00	1000.00

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 13/10/26 बजे 10:00 AM से दिनांक 02/11/26 बजे 06:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते हैं। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक.....समय....को सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदाकार जो निविदा पूर्व बैठक में भाग नही लेते है एवं ऑनलाईन निविदा भरते है, तो ऐसे निविदाकार की निविदा रिजेक्ट कर दी जायेगी । निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/ पोर्टल में देखी जा सकती है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुध्दिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रो में नहीं । 6. इच्छुक निविदाकार प्रशासनिक फार्मो का प्रारूप कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकेगे। 7. टीप - उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा ।
8. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर

G-19992/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 3836/न.पा.नि. / लोनिवि / 26-27 अम्बिकापुर दिनांक 13/10/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम/द्वितीय) :-

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत कम्पनी बाजार में वेडिंग जोन निर्माण, जोन क्रमांक 03 में भवन, नाली एवं अन्य निर्माण / मरम्मत संधारण, 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 34, 38 एवं 39 में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण के कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा तथा निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न जोनों में स्थित विद्यालयों में शौचालय (डीएमएफ) निर्माण कार्यों हेतु (System Tender No. 201434, 201444, 201436, 201455, 201460, 201463 & 201465) हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	न.नि.ज./ प्रकाश 2026-27 /36/पीआरओ/664 दिनांक 13/10/2026	SITC of Street Lighting Fitting 40/48 watt at Ward No. 71 Jabalpur.	03 माह एवं 168222/-	2000.00 एवं 3400/-	30/10/2026 (1st call)
2	न.नि.ज./ प्रकाश 2026-27 /37/पीआरओ/664 दिनांक 13/10/2026	SITC of Street Lighting Fitting 40/48 watt at Ward No. 60 Jabalpur.	03 माह एवं 252333/-	2000.00 एवं 2550/-	30/10/2026 (1st call)
2	न.नि.ज./ प्रकाश 2026-27 /38/पीआरओ/664 दिनांक 13/10/2026	SITC of Flood Lighting Fitting 90watt & 200 watt at Ward No. 31 Jabalpur.	03 माह एवं 316980/-	2000.00 एवं 3170/-	30/10/2026 (1st call)

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, (विधुतीय)
नगर पालिक निगम
जबलपुर

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता अपर नर्मदा, जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर
Tel. No. - 0761-2673450 FAX No. - 0761-2672373 E-mail: counz. 2010@rediffmail.com

निविदा क्रमांक 318 /सा/मु.अ./2028, **निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)** जबलपुर, दिनांक 09/10/2026

निम्न कार्यों की ऑन लाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पार्टल से वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

निविदा आई.डी. क्रमांक	:	2026-NVDA-541818-1
कार्य का विवरण	:	बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 83.00 कि.मी. से आर.डी. 102.00 कि.मी. एवं आर.डी. 129.00 कि.मी. से आर.डी. 154.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली सहित के हिस्से की मरम्मत, रखरखाव और सिस्टम सुधार का काम 'टर्न की आधार पर किया जाएगा। इसमें नहर के तल (bed) और अंदरुनी व बाहरी ढलानों से झाड़-झंखाड़ हटाना, नहर के तल से गाद (silt) निकालना, ड्रेनेज साइफन, ड्रेनेज कलवर्ट, सुपर पैसेज आदि की सफाई शामिल है। साथ ही, तटबंध और ढलानों को उनकी मूल स्थिति में बहाल करना, नहर की लाइनिंग और अन्य संरचनाओं को तोड़कर फिर से बनाना भी इसमें शामिल है। लाइनिंग के खांचों (grooves) की सफाई और सीलिंग, खराब हो चुके ढलानों पर पत्थर की पिचिंग, क्रॉस ड्रेनेज संरचनाओं के लिए एप्रन लगाना, श्फड पर अप्रोच स्लैब का निर्माण, सुपर पैसेज ब्रिज स्लैब और पैरापेट की मरम्मत जैसे काम भी करने होंगे। ये सभी काम MPWRD एवं MPRRDA के डिजाइन, ड्रॉइंग और स्पेसिफिकेशन के अनुसार पूरे किए जाएंगे, जिसमें सभी सामग्री, लेबर, मशीनरी और अन्य खर्च शामिल होंगे। काम का दायरा विस्तृत होगा और इसमें ये सभी चीजें शामिल होंगी। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद 12 महीने की 'डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड' (खामियों के लिए ज़िम्मेदारी की अवधि) भी इस काम का हिस्सा है।
अनुबंध की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	:	रू. 3095.94 लाख (जी.एस.टी. के बिना)
धरोहर राशि (रुपए में)	:	रू 1548000.00
निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	:	रू. 50000.00 (नान रिफन्डेबल)
निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक	:	09-10-2026 17:31 बजे से 28-10-2028, 17:30 बजे तक
धरोहर राशि प्रपत्र खोलने का दिनांक	:	30-10-2026, 10:30 बजे
कार्य पूर्णता अवधि	:	18 माह (वषार्काल सहित)

1. निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट एकाउण्ट के माध्यम से किया जा सकता है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाईट का अवलोकन करें ।

(डी. एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता
. अपर नर्मदा जोन- बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

G-19987/26

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता अपर नर्मदा, जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर
Tel. No. - 0761-2673450 FAX No. - 0761-2672373 E-mail: counz. 2010@rediffmail.com

निविदा क्रमांक 317 /सा/मु.अ./2028, **निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)** जबलपुर, दिनांक 09/10/2026

निम्न कार्यों की ऑन लाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पार्टल से वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

निविदा आई.डी. क्रमांक	:	2026-NVDA-541818-1
कार्य का विवरण	:	बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 63.00 कि.मी. से आर.डी. 83.00 कि.मी. तक के हिस्से की मरम्मत, रखरखाव और सिस्टम सुधार का काम 'टर्न की' आधार पर किया जाएगा। इसमें नहर के तल (bed) और अंदरुनी व बाहरी ढलानों से झाड़-झंखाड़ हटाना, नहर के तल से गाद (si't) निकालना, ड्रेनेज साइफन, ड्रेनेज कलवर्ट, सुपर पैसेज आदि की सफाई शामिल है। साथ ही, तटबंध और ढलानों को उनकी मूल स्थिति में बहाल करना, नहर की लाइनिंग और अन्य संरचनाओं को तोड़कर फिर से बनाना भी इसमें शामिल है। लाइनिंग के खांचों (grooves) की सफाई और सीलिंग, खराब हो चुके ढलानों पर पत्थर की पिचिंग, क्रॉस ड्रेनेज संरचनाओं के लिए एप्रन लगाना, VRB पर अप्रोच स्लैब का निर्माण, सुपर पैसेज ब्रिज स्लैब और पैरापेट की मरम्मत जैसे काम भी करने होंगे। ये सभी काम MPWRD एवं MPRRDA के डिजाइन, ड्रॉइंग और स्पेसिफिकेशन के अनुसार पूरे किए जाएंगे, जिसमें सभी सामग्री, लैबर मशीनरी और अन्य खर्च शामिल होंगे। काम का दायरा विस्तृत होगा और इसमें ये सभी चीजें शामिल होंगी। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद 12 महीने की 'डिफैक्ट लायबिलिटी पीरियड (खामियों के लिए ज़िम्मेदारी की अवधि) भी इस काम का हिस्सा है।
अनुबंध की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	:	रू. 2461.93 लाख (जी.एस.टी. के बिना)
धरोहर राशि (रुपए में)	:	1231000.00
निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	:	रू. 50000.00 (नान रिफन्डेबल)
निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक	:	09-10-2026 17:31 बजे से 28-10-2028, 17:30 बजे तक
धरोहर राशि प्रपत्र खोलने का दिनांक	:	30-10-2026, 10:30 बजे
कार्य पूर्णता अवधि	:	18 माह (वषार्काल सहित)

1. निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट एकाउण्ट के माध्यम से किया जा सकता है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाईट का अवलोकन करें ।

(डी. एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता
. अपर नर्मदा जोन- बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

G-19986/26

कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र. 15(E.T.)/निर्माण/न.पा.नि./2026-27 **// निविदा सूचना //** सतना, दिनांक 12.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र.	निविदा क्र.व जारी दिनांक	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	15/01 12/10/2026	2026_UAD_542538_1	पार्क निर्माण गंगापुरम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 33	03 माह 11,04,474/-	2,000/- 22,100/-	13/11/2026 17:30
2	15/02 12/10/2026	2026_UAD_542539_1	नाला निर्माण तलैया से नहर तक बदखर, वार्ड क्रमांक 12 (द्वितीय काल)	05 माह 44,39,630/-	5,000/- 50,000/-	29/10/2026 17:30
3	15/03 12/10/2026	2026_UAD_542540_1	नाली व पेवर्स कार्य सेवा बस्ती में, वार्ड क्रमांक 14 (द्वितीय काल)	03 माह 23,35,003/-	5,000/- 46,800/-	
4	15/04 12/10/2026	2026_UAD_542569_1	सी.सी. सड़क निर्माण सुलभ काम्पलेक्स के सामने गुरुमुख सिंह से विमल मुरारका तक वार्ड क्रमांक 40 (द्वितीय काल)	02 माह 10,68,835/-	2,000/- 21,400/-	
5	15/05 12/10/2026	2026_UAD_542573_1	नाली निर्माण ज्ञान पाण्डेय की गली से उत्तर हनुमान मंदिर से नाला की ओर उमरी में, वार्ड क्रमांक 02 (द्वितीय काल)	02 माह 9,76,742/-	2,000/- 19,600/-	

नोट :- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म. प्र.)

" स्वच्छ सतना - लक्ष्य अपना"

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल जिला - शहडोल 484001 (म.प्र.)
PHONE -07652-240304, FAX - 07652-240304 EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/ई-टेण्डर/2025/8389 **ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना** शहडोल दिनाँक 09.10.2026

वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत वर्ष 2026-27 में अनुभूति कार्यक्रम में शिविरो में निम्नानुसार सामग्री प्रदाय करने हेतु https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा क्रमांक / 2026_MPFD_542421_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

PRODUCT SPECIFICATIONS

क्र.	सामग्री का नाम	ईकाई
1	1 पुस्तक मुद्रण हेतु विवरण (प्रति नग) 1. आकार - 7.25"x 9.25" 2. मुद्रण रंगीन 3. लेमिनेशन- ग्लॉसी 4. कवर पेज 04 पेज (300 जी एस एम ग्लॉसी लेमिनेटेड) 5. इनर पेज संख्या - लगभग 116 पेज (90 जी एस एम ग्लॉसी लेमिनेटेड) 6. बाइडिग - परफेक्ट	प्रति नग
2	व्हाइट / ग्रीन टोपी (अनुभूति मोनो सहित)	प्रति नग
3	प्रमाण पत्र मल्टीकलर (साईज A4) लेमिनेशन - 300 जी एस एम ग्लॉसी लेमिनेटेड	प्रति नग
4	फोल्डर बैग (कपडे / जूट का बना) (साईज 12'x15 ') (अनुभूति मोनो सहित) (नोट झ पॉलीथिन बैग पूर्णत: प्रतिबंधित है)	प्रति नग
5	नोटबुक	प्रति नग
6	पेन (साधारण)	प्रति नग

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है

विवरण	दिनांक	समय
Tender Publishing Date & Time	Date 14/10/2026 Time 10:00 AM	निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है।
Tender Sale Start Date & Time	Date 14/10/2026 Time 10:00 AM	
Pre Bid Meeting Date	Date 19/10/2026 Time 12:30 PM	
Bid Submission Start Date & Time	Date 14/10/2026 Time 10:00 AM	
Bid Submission closing Date & Time	Date 03/11/2026 Time 05:00 PM	
Bid Opening Date & Time	Date 05/11/2026 Time 11:30 AM	

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है ।

(श्रद्धा पन्द्रे)
वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल

G-19993/26 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन) लोक निर्माण विभाग
कलेक्टर आफिस के सामने, प्रथम तल, विश्वेश्वरैया भवन बालाघाट (म. प्र.)
दूरभाष :- 07632-358737 ई-मेल :- dpepiu.balaghat@mp.gov.in

एन.आई.टी. नं. - 28/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/भवन/व.ले.लि. बालाघाट दिनांक 09.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की राशि (कार्य की लागत)(रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	ठेकेदार/फर्म की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषार्काल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWPIU_542302_1	स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 03 नग लैब व 03 नग क्लासरूम एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	342.04	342040.00	15000.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत	12माह
2	2026_PWPIU_542303_1	शासकीय महाविद्यालय लॉंजी में बाउण्ड्री-वॉल, पार्किंग शेड एवं ग्राउण्ड लेवलिंग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	138.04	138040.00	12500.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत	12माह
3	2026_PWPIU_542304_1	डॉ. सुधन्वासिंह नेताम शासकीय महा-विद्यालय मलाजखण्ड में 03 नग लैब एवं 03 नग क्लासरूम का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	356.90	356900.00	12500.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत	12माह

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 13. 10. 2026 समय सुबह 09:00 बजे से दिनांक 02.11.2026 समय शाम 6:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है ।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग बालाघाट

G-19960/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग छिन्दवाड़ा
e-mail:- eepwd1chhind@mp.nic.in

निविदा सूचना कं. 09/व.ले.लि./2026-27/ **निविदा आमंत्रण सूचना** छिंदवाडा दिनांक 12.10.2026.

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

स. क्रं.	टेंडर आई. डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र राशि रू.	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWD RB 541369_1	छिंदवाडा	सड़क कार्य	पुरा से पुराढाना मार्ग लं. 1.80 कि.मी. का निर्माण मय विद्युतीकरण कार्य सहित (द्वितीय आमंत्रण)	200.15	2,00,200/-	15,000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित
2	2026_PWD RB 541370_1	छिंदवाडा	भवन संधारण कार्य	जिला न्यायालय छिन्दवाडा एवं न्यायाधीश आवासीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत तथा जमा निधि के कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	20.00	40,000/-	2,000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित
3	2026_PWD RB 541371_1	छिंदवाडा	भवन संधारण कार्य	जिला न्यायालय छिन्दवाडा एवं न्यायाधीश आवासीय भवनों में रंगाई पुताई तथा पेंटिग का कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	18.00	36,000/-	2,000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित
4	2026_PWD RB 541372_1	छिंदवाडा	भवन संधारण कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 छिन्दवाडा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत तथा जमा निधि के कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	20.00	40,000/-	2,000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित
5	2026_PWD RB 542683_1	छिंदवाडा	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग तामिया अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल पुलिया का मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	15.00	30,000/-	2,000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित
				कुल योगः-	273.15 लाख			

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 28.10.2026 समय शाम 17.30 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जावेगा। पृथ

चिंतन

त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत

त्योहारों का मौसम व्यापारियों के लिए केवल बिक्री बढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि सालभर की कमाई और आर्थिक स्थिरता का भी अहम समय होता है। ऐसे में कारोबार पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालने वाले फैसले हों या सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बाजारों तक ग्राहकों की पहुंच बाधित हो, दोनों का सीधा असर व्यापार पर पड़ता है। यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला व्यापारियों के लिए फिलहाल राहत लेकर आया है। वहीं, दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने का मुद्दा हाईकोर्ट तक पहुंचना बताता है कि आर्थिक गतिविधियों को निर्बाध बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। यूपीआई देश में डिजिटल भुगतान की सबसे सहज व्यवस्थाओं में शामिल है। इसकी लोकप्रियता का आधार इसकी सरलता, त्वरित लेनदेन और अतिरिक्त शुल्क की चिंता के बिना भुगतान करने की सुविधा है। रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े कारोबारी तक, इस व्यवस्था ने डिजिटल अर्थव्यवस्था को व्यापक आधार दिया है। ऐसे में 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने का प्रस्ताव व्यापारियों के लिए नई लागत खड़ी करता है। भले ही यह शुल्क सीधे ग्राहक से नहीं, बल्कि निर्धारित शर्तों के तहत व्यापारी से लिया जाना हो, लेकिन कारोबार की लागत बढ़ने पर उसका अप्रत्यक्ष असर ग्राहकों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। दिवाली तक शुल्क टालने से फिलहाल कारोबारियों को राहत मिली है। केवल समयसीमा आगे बढ़ा देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि शुल्क लागू करने का प्रस्ताव बरकरार है, तो सरकार और संबंधित संस्थाओं को इसके औचित्य, वास्तविक लागत और छोटे कारोबारियों पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करना चाहिए। वहीं दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों के कारण कारोबार प्रभावित होने का मामला इस बहस का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और वकीलों की याचिकाओं पर हाईकोर्ट द्वारा केंद्र सरकार से जवाब मांगना बताता है कि राजधानी में प्रदर्शन और जनजीवन के बीच संतुलन का प्रश्न गंभीर हो चुका है। यातायात बाधित होने, बैरिकेडिंग और बाजारों तक पहुंच मुश्किल होने से व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। त्योहारों के दौरान होने वाली बिक्री अनेक छोटे कारोबारियों के लिए पूरे साल की आर्थिक जरूरतों से जुड़ी होती है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि उनके विरोध का असर केवल सरकार या संबंधित संस्था तक सीमित नहीं रहता; उसकी कीमत आम नागरिक, दुकानदार, कर्मचारी और रोज कमाकर खाने वाले लोग भी चुकाते हैं। त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत देने के लिए नीतिगत स्थिरता और निर्बाध कारोबारी माहौल दोनों जरूरी हैं। सरकार को शुल्क संबंधी प्रस्ताव पर पारदर्शी ढंग से पुनर्विचार करना चाहिए, जबकि राजनीतिक दलों और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध और व्यवस्था के बीच संतुलन बना रहे। आर्थिक गतिविधियों को नीतिगत अनिश्चितता और राजनीतिक टकराव की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। त्योहारों की असली रौनक तभी कायम रहेगी, जब बाजारों में ग्राहक बेझिझक पहुंच सकें, व्यापारी बिना अतिरिक्त दबाव के कारोबार कर सकें और लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल दूसरों की रोजी-रोटी बाधित किए बिना हो।



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

देश में लोकतंत्र बनाम अराजकता

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है - यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है? क्या विदेशी धरती पर जाकर देश की संस्थाओं को बदनाम करना लोकतंत्र है? इन सवालों का जवाब खोजना जरूरी है, क्योंकि आज देश एक चौराहे पर खड़ा है।

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है जो लोकतंत्र को उसकी जड़ों तक मजबूत कर रही है, और दूसरी तरफ एक ऐसा वर्ग है जो लोकतंत्र के नाम पर अराजकता को अपना हथियार बना रहा है। इसलिए आज लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की साजिश को समझने का वक्त है। क्या यही लोकतंत्र है? लोकतंत्र का पहला अर्थ है - संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान। पर आज क्या हो रहा है? विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही है। सवाल पूछा जाना चाहिए - क्यों? क्या इसलिए कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का फैसला लिया है? लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना या हारना नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है - जनता के जनादेश का सम्मान। 2014 में और फिर 2019 और 2024 में इस देश की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। जनता ने कहा कि हमें स्थिरता चाहिए, विकास चाहिए, सुशासन चाहिए। मोदी सरकार ने इसी जनादेश को अपना धर्म माना। क्या लोकतंत्र यह है कि अनुच्छेद 370 जैसे 70 साल पुराने नासूर को संसद में बहस के बाद लोकतांत्रिक तरीके से हटाया जाए? मोदी सरकार ने लोकतंत्र को पांच सितारा होटलों के सेमिनार से निकालकर गांव की चौपाल तक पहुंचाया है। यह लोकतंत्र है कि आज संसद में हर बिल पर खुली बहस होती है। वोटिंग होती है। यह लोकतंत्र है कि आज कैबिनेट के फैसले किसी एक परिवार के ड्राइंग रूम में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होते हैं। जो लोग आज लोकतंत्र खतरे में है, का शोर मचा रहे हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि लोकतंत्र खतरे में तब था, जब 1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था। लोकतंत्र खतरे में तब था जब प्रेस पर सेंसरशिप थी। आज लोकतंत्र खतरे में नहीं है, बल्कि आज लोकतंत्र सबसे ज्यादा सुरक्षित हाथों में है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज प्रधानमंत्री खुद संसद में घंटों खड़े होकर विपक्ष के हर सवाल का जवाब देते हैं। यही तो लोकतंत्र है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण तो लोकतंत्र की सबसे पहली शर्त है। फर्जी मतदाता हटें।

बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कटें। एक व्यक्ति का नाम दो जगह से मिटे। यह तो हर लोकतंत्र-प्रेमी चाहेगा। पर जब चुनाव आयोग यही काम करने चलता है, तो उसी पर हमला बोला जाता है। ज्ञानेश कुमार जैसे



अधिकारी पर इस्तीफे का दबाव बनाया जाता है। क्या यही लोकतंत्र है? यह लोकतंत्र नहीं। यह चुनाव आयोग को डराने की कोशिश है। मोदी सरकार ने हमेशा चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र रखा है। 2014 के बाद से चुनाव आयोग ने जैसे-जैसे पारदर्शिता बढ़ाई, वैसे-वैसे चुनाव और ज्यादा निष्पक्ष हुए। या यह अराजकता है ?इसका जवाब दिल्ली की सड़कों पर दिखा। गहन पुलिस प्रबंधन के बावजूद...!पूरी तैयारी के बावजूद...! प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव किया गया । इसमें 6 से अधिक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जो पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे हैं, उन पर पत्थर फेंकना क्या लोकतांत्रिक विरोध है? यह सीधी अराजकता है । दिल्ली पुलिस ने कानून के दायरे में रहकर 7 हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इनमें दीपके समेत विपक्षी दलों से जुड़े चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। सोचिए, चार पूर्व मुख्यमंत्री अगर सड़क पर अराजकता फैलाएंगे तो आम कार्यकर्ता क्या करेगा? यह आंकड़ा ही बताता है कि यह कोई स्वतः स्फूर्त जन-आंदोलन नहीं था। यह प्रायोजित अराजकता थी। या यह लोकतंत्र के नाम पर अराजकता है? यह सबसे खतरनाक स्थिति है। लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाना। दिल्ली के अलावा इसका प्रभाव अन्य शहरों में भी देखा गया। पटना, कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद में भी सांकेतिक जाम और प्रदर्शन की कोशिश हुई। मकसद एक ही था - जनजीवन को बाधित करो, ताकि सरकार पर दबाव बने। मूल मुद्दा क्या है? चुनाव आयोग या कुछ और? असली मुद्दा न तो ज्ञानेश कुमार हैं, न ही मतदाता सूची।

असली मुद्दा है - मोदी सरकार के सुशासन से ध्यान भटकाना। विपक्ष जानता है कि वह नरेंद्र मोदी का मुकाबला विकास के मुद्दे पर नहीं कर सकता। इसलिए वह हर चुनाव सुधार को विवादित बनाता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से किसे डर लग रहा है? उसी को जिसे फर्जी वोटों के सहारे जीतने की आदत है। मोदी सरकार का मंत्र साफ है - एक राष्ट्र, एक चुनाव सूची, शुद्ध चुनाव सूची। लोकतंत्र में अंतिम फैसला सड़क पर नहीं, संसद में होता है। दिल्ली में आंदोलन के बावजूद आम चुनावों में भाजपा जीती। यह सबसे बड़ा जवाब है। दिल्ली की जनता ने सड़क की अराजकता को नकार दिया। नंदीग्राम में भी भाजपा जीती। एक ऐसा क्षेत्र जहां 70 प्रतिशत से भी ज्यादा अल्पसंख्यक मतदाता हैं, वहां भी भाजपा 70 हजार से अधिक मतों से जीती। यह बताता है कि अल्पसंख्यक भी अब अराजकता की राजनीति से ऊब चुके हैं और मोदी के विकास वाले लोकतंत्र पर भरोसा कर रहे हैं। पांडिचेरी में भी एनडीए जीती। यह जीत दक्षिण में भी लोकतंत्र की जीत है। तात्पर्य बिल्कुल साफ है। भारतीय लोकतंत्र ने अराजकता की प्यास को बुझा दिया है। जनता ने बता दिया है कि वह पथराव वाली राजनीति नहीं चाहती। वह विकास वाली राजनीति चाहती है।

अतः हमारा स्पष्ट सुझाव है कि किसी भी कीमत पर राजनीतिक टकराव के बीच जनजीवन बाधित होना किसी के हित में नहीं है। लोकतंत्र में टकराव होना चाहिए - विचारों का टकराव, नीतियों का टकराव, पर सड़क पर टकराव से आम आदमी को क्यों सजा मिले? स्कूल की बस रोकी जाए? एंबुलेंस फंसी रहे? दुकानदार का धंधा बंद हो? यह कौन सा लोकतंत्र है? देश संसद से चलेगा। सड़क से नहीं। यह बात विपक्ष को समझनी होगी। अगर आपको मतदाता सूची पर आपत्ति है तो चुनाव आयोग के पास जाइए।कोर्ट में जाइए।संसद में चर्चा कीजिए। पर सड़क पर पत्थर फेंककर आप लोकतंत्र को मजबूत नहीं, कमजोर कर रहे हैं।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



अवसाद का घेरा कसता वर्चुअल स्टारडम

हाल में मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एक चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने आत्महत्या कर ली। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सोलह लाख फॉलोअर्स और ब्यूटी क्वीन के नाम से मशहूर इंफ्लुएंसर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सोशल मीडिया पर डाली गई आखिरी पोस्ट के अनुसार 30 साल की यह इंफ्लुएंसर खुद को प्यार में ठगा हुआ महसूस कर रही थी। कुछ समय पहले हरियाणा के गुरुग्राम में भी फ्रीलांसर रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने खुदकुशी कर ली थी। सोशल मीडिया पर 'जम्मू की धड़कन' के नाम से भी चर्चित इस इंफ्लुएंसर के इंस्टाग्राम पर करीब 6.82 लाख फॉलोअर्स थे। तकलीफदेह है कि स्क्रीन को ही अपना संसार बना चुके बहुत से युवक-युवतियां जीवन के व्यावहारिक धरातल से दूर हो रहे हैं। अपने अनुसरणकर्ताओं को जीवन की समस्याओं से जूझने के मंत्र देने वाले कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वयं अवसाद और अकेलेपन के घेरे में हैं। एकतरफा संवाद वाल इनका संसार स्वयं ही सब कुछ कहने-बताने-दिखाने वाला कंटेंट परोसने तक सिमट जाता है। आभासी स्टारडम के कसते घेरे में अपने स्वजनों- परिजनों तक दूर हो जाते हैं। स्मार्ट स्क्रीन को अपनी दुनिया बना चुके सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पास कोई भावनात्मक सहारा नहीं होता। साथ ही सोशल मीडिया मंचों का बदलता एल्गोरिदम भी उनकी मनःस्थिति पर गहरा असर डालता है। एक ओर हर पोस्ट के वायरल होने का तनाव तो दूसरी ओर लोकप्रियता को बनाए रखने का दबाव। एक बार वर्चुअल दुनिया में अपना ठिकाना बना लेने के बाद सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर बहुत दबाव रहता है। आभासी चमक-दमक वाले संसार में अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बनाये रखना भी एक समय बाद मन-जीवन को असहज करने लगता है। चिंतनीय है कि डिजिटल क्रिएटर युवा सहज परिवेश और परिवार से ही दूर हो जाते हैं। एक ओर फॉलोअर्स की बढ़ती संख्या एक अहंकारी भाव से भर देती है तो दूसरी ओर अनुसरणकर्ताओं के घटने की स्थिति का सामना भी नहीं कर पाते। पिछले साल इंफ्लुएंसर मीशा अग्रवाल ने भी इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या घटने के कारण ही आत्महत्या कर ली थी। ईकीगाई लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश के 40 लाख से ज्यादा कंटेन्ट क्रिएटर्स में से 80 प्रतिशत सप्ताह में कम से कम एक बार भारी तनाव महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, लगातार सामग्री बनाना भी मुश्किल काम होता है। यही रिपोर्ट बताती है कि करीब 62 प्रतिशत बर्नआउट रिपोर्ट करते हैं। साथ ही 52 फीसदी कंटेन्ट क्रिएटर्स अपने काम से जुड़ी एंग्जायटी से जूझते हैं। दुखद है कि घर-परिवार का आयोजन हो या देश की कोई घटना-दुर्घटना। आभासी संसार में छाए रहने के फेर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सही गलत का अंतर भी भूल रहे हैं। वीडियो बनाते हुए खुद दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। महिलाएं अभद्र कंटेन्ट बना रही हैं। जेन जी असभ्य भाषा बोलकर फॉलोवर्स बढ़ाने की जुगत करते दिखते हैं। सब कुछ मन मुताबिक करने की यह मानसिकता और व्यवहार अवसाद की ओर धकेलने वाला ही है।स्पष्ट है कि युवाओं का आभासी संसार में मौजूदगी के बावजूद अपने असली व्यक्तित्व और भावनाओं को समझना आवश्यक है। वर्चुअल और असल जीवन में संतुलन साधना जरूरी है। इसके लिए फॉलोअर्स की अपेक्षाओं के दबाव में नकलीपन ओढ़ने से बचना और अपनों के साथ संवाद करना होगा। हर वीडियो क्लिप या रील में खूबसूरत, खुशदिल और सक्रिय दिखने का दबाव कई बार जीवन पर भारी पड़ता है। बीते दिनों भी देखने में आया था कि अपने अनुसरणकर्ताओं का आंकड़ा बढ़ाने की जुगत करने वाले बहुत से इंफ्लुएंसर जंतर-मंतर पहुंचे थे।जबकि विचित्र भाषा और गीत-संगीत के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले ये आभासी चेहरे ऐसे प्रदर्शनों का विषय तक ठीक से नहीं जानते थे। चिंतनीय है कि नई पीढ़ी की एक बड़ी आबादी इस वर्चुअल घेरे में आ रही है। जीवन का हर पल स्क्रीन में समेटने की आदत मानसिक रूप से थका देती है। व्यक्तिगत सुख-दुख भी कंटेंट का हिस्सा बनाने वाले इन चेहरों के भीतर एक अकेलापन पसरता जाता है। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म, क्वोरोज़, की एक रिपोर्ट के अनुसार कैमरे के पीछे की असलियत मानसिक स्वास्थ्य संकट, वित्तीय अस्थिरता और एल्गोरिदम के दबाव से घिरी हुई है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले 4 साल में हमारे यहां इन्फ्लुएंसर्स की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। यह संख्या 2020 के 9.6 लाख से बढ़कर 2024 में 40.6 लाख हो गई। ऐसे में इंफ्लुएंसर्स की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उनके साथ होने वाली आपराधिक घटनाओं के साथ ही आत्महत्या के मामले भी बढ़ रहे हैं ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कई परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

मृत्यु एक अटल सत्य है



संकलित
प्रेरणा

एक राधेश्याम नामक युवक था। उसका छोटा सा परिवार था जिसमें उसके माता-पिता, पत्नी एवम दो बच्चे थे। उसके इन्ही गुणों के कारण श्री कृष्ण उससे बहुत प्रसन्न थे और सदैव उसके साथ रहते थे। और राधेश्याम अपने कृष्ण को देख भी सकता था और बाते भी करता था। इसके बावजूद उसने कभी ईश्वर से कुछ नहीं मांगा। एक दिन राधेश्याम के पिता की तबियत अचानक ख़राब हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। उसने सभी डॉक्टर्स के हाथ जोड़े। अपने पिता को बचाने की मिन्नते की। लेकिन सभी ने उससे कहा कि वो ज्यादा उम्मीद नहीं दे सकते। और सभी ने उसे भगवान पर भरोसा रखने को कहा। तभी राधेश्याम को कृष्ण का ख्याल आया और उसने अपने कृष्ण को पुकारा। कृष्ण दौड़े चले आये। राधेश्याम ने कहा- मित्र! तुम तो भगवान हो मेरे पिता को बचा लो। कृष्ण ने कहा- मित्र! ये मेरे हाथों में नहीं हैं। इस पर राधेश्याम नाराज हो गया। तब भगवान कृष्ण ने उससे कहा- मित्र! मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं राधेश्याम ने तुरंत पूछा कैसा कार्य? कृष्ण ने कहा- तुम्हे! किसी एक घर से मुट्ठी भर ज्वार लानी होगी और ध्यान रखना होगा कि उस परिवार में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। राधेश्याम हर घर गया पर वहां ज्वार तो होती लेकिन ऐसा कोई नहीं होता जिनके परिवार में किसी की मृत्यु ना हुई हो। दो दिन तक भटकने के बाद राधेश्याम को अहसास हुआ कि मृत्यु एक अटल सत्य है। इसका सामना सभी को करना होता है। और वो अपने व्यवहार के लिए कृष्ण से क्षमा मांगता हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

जरूरी है सुरक्षित घर

आपदा कभी चेतावनी देकर नहीं आती, लेकिन उससे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम आपदा आने के बाद राहत और बचाव की तैयारी करने के बजाय पहले से ही जोखिमों को पहचानें, सुरक्षित निर्माण को प्राथमिकता दें और प्रत्येक नागरिक को आपदा से निपटने के लिए तैयार करें। इसी उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम थी : लचीलापन घर से शुरू होता है। संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा निर्धारित यह विषय इस बात पर जोर देता है कि आपदाओं से सुरक्षा की शुरुआत हमारे अपने घर, परिवार और आसपास के वातावरण से होती है।

- बिजेंद्र शर्मा, रोहतक

ट्रेंड

कांग्रेस महिला विरोधी



राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का महिला-विरोधी चेहरा एक बार फिर देश के सामने है। एक विरोध प्रदर्शन की कवरेज के दौरान तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार ऋचा पाराशर के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना बेहद निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी वफादार नहीं



जिन्होंने भगवान का पैसा चुराया और खुद भगवान को भी धोखा दिया, वे भला उन डॉक्टरों को क्या बख्शेंगे जो इस धरती पर भगवान का रूप हैं, भले ही वे बीजेपी के सदस्य हों? बीजेपी पैसे के अलावा किसी के प्रति वफादार नहीं है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

बीजेपी को करारा जवाब



भदरोथ जिला पंचायत उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का सबूत है कि गुजरात के किसानों का भरोसा अब मजबूती से 'आप' के साथ जुड़ रहा है। किसानों को न्याय न देने वाली बीजेपी सरकार को करारा जवाब मिला है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग में गड़बड़ियां



चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। यह एक स्वतंत्र संस्था है। हालांकि, इसे स्वतंत्र रूप से फैसले लेने नहीं दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने खुलकर बताया है कि आयोग कैसे काम कर रहा है, उसमें किस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी, रूस जिम्मेदार

पोलैंड ने सितंबर में स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी की घटना के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है और स्टेशन को नुकसान पहुंचाने के संबंध में तुर्किये के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है।



प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोलैंड के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि संदिग्धों को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया। पोलैंड के निजता संबंधी नियमों के कारण उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। आरोपियों पर 23 सितंबर को वारसॉ से करीब 40 किलोमीटर दक्षिण में स्थित वोला क्रोबोव्स्का में स्टारलिंक के बुनियादी ढांचे में जानबूझकर आग लगाने का आरोप है। खुफिया सेवाओं की निगरानी करने वाले पोलैंड के मंत्री तोमाश सिएमोनियाक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'हमें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि उपग्रह को नुकसान पहुंचाने की इस घटना के पीछे रूसी खुफिया सेवाओं का हाथ है।' उन्होंने कहा कि रूसी खुफिया सेवाएं आपराधिक दुनिया से जुड़े लोगों का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को 'हाइब्रिड युद्ध का एक और कृत्य' बताया। इस संबंध में अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके।

ऑफ बीट

मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29.5-दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है - शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्केडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्केडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे-जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे-वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है। वर्ष 2021 के एक अध्ययन में पाया गया कि अर्जेंटीना की टोबा स्वदेशी समुदायों में लोग पूर्णिमा (फुल मून) से पहले की तीन से पांच रातों में 30 से 80 मिनट देर से सोने जाते थे।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

गोविंदगंज रामलीला में भरत मिलाप और चित्रकूट सभा का हुआ मंचन

"राम भक्त ले चला रे राम की निशानी" भरत के त्याग और भ्रातृप्रेम ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

जबलपुर। गोविंदगंज रामलीला मंच पर भरत मिलाप एवं चित्रकूट सभा की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के प्रति भरत के असीम प्रेम, त्याग और समर्पण के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भरत का अपने बड़े भाई श्रीराम को वनवास से वापस अयोध्या ले जाने का आग्रह और प्रभु श्रीराम का पिता के वचन की मर्यादा निभाने का संकल्प देखकर दर्शक भावुक हो उठे। लीला में भरत के चरित्र के माध्यम से भ्रातृप्रेम, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम संदेश दिया गया। चित्रकूट सभा के दौरान भरत और माता कौशल्या के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को भावुक कर दिया। भरत अपनी माता कैकेई के निर्णय से व्यथित होकर कहते हैं, "कैकेई कुमार कहलाते आज आती लाज, कुल का कलंकी मुझे मां ने ही बनाया है।" वे दुख व्यक्त करते हुए कहते हैं कि संसार उन्हें भाई का विरोधी और पिता की मृत्यु का कारण समझेगा। भरत की पीड़ा सुनकर माता कौशल्या उन्हें समझाती हैं कि स्वयं को दोषी मानना उचित नहीं है। यह सब विधि का विधान है। इस संवाद के माध्यम से भरत के निष्कलंक चरित्र, अपने बड़े भाई के प्रति अटूट प्रेम और माता कैकेई के निर्णय से उपजे संताप को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।राजसिंहासन स्वीकार करने के बजाय भरत पूरी अयोध्या के साथ भगवान श्रीराम को मनाने चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने प्रभु से वनवास त्यागकर अयोध्या लौटने का आग्रह किया, लेकिन श्रीराम ने पिता की आज्ञा और अपने वचन की मर्यादा का पालन करते हुए लौटने से इनकार कर दिया। प्रभु श्रीराम ने स्पष्ट किया कि पिता की आज्ञा के अनुसार वन में रहना ही उनका धर्म है। अंततः भरत ने श्रीराम की खड़ाऊं मांगी और उन्हें अयोध्या के सिंहासन पर विराजमान कर राज्य का संचालन उन्हीं के प्रतिनिधि के रूप में करने का संकल्प लिया। भरत ने स्वयं राजसी सुख-सुविधाओं का त्याग कर वनवासी जीवन अपनाने और अयोध्या के बाहर रहकर जीवन बिताने का निर्णय लिया। भरत के इस त्याग और श्रीराम के प्रति उनकी अनन्य निष्ठा ने रामलीला मंच को भावनाओं से भर दिया। भरत की भूमिका में कार्तिक दुबे ने सशक्त अभिनय करते हुए चरित्र की संवेदनशीलता, पश्चाताप और भ्रातृप्रेम को



जीवंत कर दिया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा।

आज मंचित होगी सीता हरण की लीला

रामलीला समिति के अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि आज रामलीला मंच पर रामकथा के अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंग सीता हरण की लीला का मंचन किया जाएगा। इसके साथ भगवान श्रीराम का संतों से मिलन, जयंत प्रसंग, शूर्पणखा चरित्र, खर-दूषण वध एवं रावण के मृदंग वादन के प्रसंग भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इन लीलाओं के मंचन के लिए कलाकारों ने विशेष तैयारियां की हैं।

केवट की अनन्य भक्ति के आगे झुके रघुनंदन, राम वनगमन के दृश्य ने श्रद्धालुओं की आंखें की नम

गढ़ा रामलीला में कैकई-दशरथ संवाद का हुआ भावपूर्ण मंचन

जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम के सिद्ध मंच पर भगवान श्रीराम की मानव लीला के अंतर्गत कैकई-दशरथ संवाद, राम वनगमन, निषाद प्रसंग एवं केवट संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम एवं माता सीता की आरती और माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राम वनगमन के मार्मिक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया, वहीं केवट की अनन्य भक्ति ने दर्शकों को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। सह-निर्देशक मोती शिवहरे एवं पात्र प्रतिनिधि राजा पांडे के मार्गदर्शन में कैकई-दशरथ संवाद का प्रभावशाली मंचन किया गया। कैकई के हठ के कारण जब भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास मिला, तब उन्होंने पिता के वचन की मर्यादा निभाने के लिए माता सीता एवं भ्राता लक्ष्मण के साथ वन की ओर प्रस्थान किया। प्रभु श्रीराम के त्याग, आज्ञाकारिता और धर्मपालन के इस प्रसंग को देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से रामकथा के इस मार्मिक प्रसंग को प्रभावशाली बना दिया। राम वनगमन के पश्चात निषाद प्रसंग एवं केवट संवाद का मंचन किया गया। जब भगवान श्रीराम ने गंगा पार जाने के लिए केवट से नाव लाने को कहा, तो केवट ने प्रभु के चरण पखारने की इच्छा व्यक्त करते हुए पहले नाव लाने से इनकार कर दिया। उसने भावपूर्ण ढंग से कहा कि प्रभु के चरणों की धूल



के स्पर्श से जब पत्थर भी नारी बन सकता है, तो उसकी लकड़ी की नाव का क्या होगा!

केवट की इस अनूठी युक्ति के पीछे प्रभु के चरणों का पावन स्पर्श पाने की उसकी गहरी अभिलाषा छिपी थी। इस प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला के माध्यम से संदेश दिया गया कि भगवान के दरबार में धन, वैभव और पद से अधिक महत्व निष्कपट प्रेम, अटूट श्रद्धा और अनन्य भक्ति का है। केवट की भक्ति और प्रभु श्रीराम की भक्तवत्सलता ने मंच पर ऐसा भावपूर्ण वातावरण निर्मित किया कि दर्शक भक्तिरस में डूब गए।

आज होगा चित्रकूट सभा की लीला का मंचन

श्री रामलीला समिति के अनुसार, बुधवार, 14 अक्टूबर 2026 को चित्रकूट निवास, दशरथ मरण, भरत आगमन एवं चित्रकूट सभा की रोचक लीला का मंचन किया जाएगा। समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीराम की लीलाओं का दर्शन करने और पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

जनेकृविवि में एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि), जबलपुर में प्रशासकों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग में दक्ष बनाने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। शुभारंभ कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे ने की तथा मार्गदर्शन संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा का रहा। विशिष्ट अतिथि संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, प्रभारी संचालक शिक्षण डॉ. संजीव गर्ग एवं डीन डॉ. अल्पना सिंह उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केंद्र सिंगरौली के कंप्यूटर प्रोग्रामर सतपाल सिंह ने एआई, डाटा वर्गीकरण एवं उसके उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने



प्रिसिजन फार्मिंग, मौसम पूर्वानुमान, पशुपालन, कीट एवं खरपतवार प्रबंधन, पोषक तत्वों के प्रबंधन और ड्रोन तकनीक में एआई की उपयोगिता बताई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। आगामी सत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. स्वाती बारचे, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. रश्मी शुक्ला, डॉ. रजनी बिसेन, डॉ. अनुभा उपाध्याय एवं डॉ. बी.एस. द्विवेदी सहित अनेक प्राध्यापक, वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

बहोराबाग में अखिल भारतीय मुशायरा संपन्न

जबलपुर। बहोराबाग स्थित चार खंबा रोड पर बहोराबाग विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा कामयाबी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी हाजी कदीर सोनी ने शमा रोशन कर किया। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। पार्षद गुलाम हुसैन, वकील अंसारी, अख्तर अंसारी एवं याकूब अंसारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। मुशायरे



का आगाज मुख्तार नादिर ने नात-ए-पाक की तिलावत से किया। इसके बाद देश के विभिन्न शहरों से आए शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं की खूब दाद बटोरी। इनमें नईम अख्तर खादमी, शाद बिलासपुरी, सरवर कमाल झांसी, शेख निजामी, दानिश जैगमी, डॉ. मेहताब आलम, उस्ताद बाबू अनवर निजामी, डॉ. जलीलुर्रहमान बुरहानपुर, डॉ. सबा बलरामपुर, तरन्नुम नाज़ फतेहपुर और अंतरराष्ट्रीय शायर शमीम अख्तर खादमी बुरहानपुर शामिल रहे।मुशायरे की निजामत डॉ. जलीलुर्रहमान ने की। अतिथियों का इस्तकबाल समिति अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, वकील मसूरी, सगीर अंसारी, लाला ड्राइवर एवं शेख निजामी ने किया। अंत में याकूब अंसारी ने सभी अतिथियों, शायरों एवं सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया।

ग्रामीण पंचायती राज महिला नेतृत्व कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर 15 अक्टूबर को जिला पंचायत जबलपुर द्वारा 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होटल रॉयल आर्बिट, जबलपुर में "नारी नेतृत्व–सशक्त पंचायत" थीम पर ग्रामीण पंचायती राज महिला नेतृत्व कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले की लगभग 380 महिला पंचायती राज जनप्रतिनिधियां शामिल होंगी।

कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर आज जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गेहलोत की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कॉन्क्लेव के आयोजन के लिए सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करने के निर्देश दिए।कॉन्क्लेव में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह तथा राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया सहित पंचायती राज से जुड़ी अन्य विशिष्ट महिला जनप्रतिनिधियों की भी कॉन्क्लेव में सहभागिता रहेगी। कॉन्क्लेव में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य तथा महिला सरपंच एवं उपसरपंच भी शामिल होंगे। बैठक में कॉन्क्लेव के आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम पूरी तरह महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है।



शक्ति उपासना और एकता का प्रतीक है गरबा महाराष्ट्र कॉलेज महोत्सव संपन्न

जबलपुर। महाराष्ट्र शिक्षण मंडल द्वारा आयोजित महाराष्ट्र कॉलेज गरबा महोत्सव उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मां अम्बे की आरती के बाद प्रतिभागियों ने गरबा एवं डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा पंडाल भक्ति और संस्कृति के रंग में सराबोर हो गया। मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे ने कहा कि गरबा भारतीय संस्कृति, देवी उपासना, नारी सम्मान और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने इसे मां जगदम्बा की आराधना का माध्यम बताया। मंडल अध्यक्ष डॉ. जयंत कुमार तनखीवाले ने गरबा को भारतीय लोककला का जीवंत उदाहरण बताया, वहीं सचिव प्रमोद दिवाकर पाठक ने इसे आत्मिक एवं आध्यात्मिक समरसता का प्रतीक बताया। महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। रचित भोजक को गरबा किंग तथा तनिषा पटेल को गरबा क्वीन घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रद्युम्न कायन्दे एवं डॉ. विशेष चंद्र गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन महाराष्ट्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी ने किया। आयोजन की सफलता पर विद्यालयों एवं कॉलेज के प्राचार्यों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों और विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की गई।

15 अक्टूबर को महिला पंचायत नेतृत्व कॉन्क्लेव, 380 जनप्रतिनिधियां होंगी शामिल

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत जबलपुर द्वारा 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होटल रॉयल आर्बिट में "नारी नेतृत्व–सशक्त पंचायत" थीम पर ग्रामीण पंचायती राज महिला नेतृत्व कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले की लगभग 380 महिला जनप्रतिनिधियां शामिल होंगी।आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गेहलोत की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के निर्देश दिए।कॉन्क्लेव में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह तथा राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया सहित अन्य महिला जनप्रतिनिधियां भी उपस्थित रहेंगी।कार्यक्रम में जिला एवं जनपद पंचायतों की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, महिला सरपंच और उपसरपंच सहभागिता करेंगी।



जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन के सदस्यों ने देवी जागरण में की सहभागिता

जबलपुर। जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन के सदस्यों ने रविवार, 11 अक्टूबर को शक्तिनगर स्थित भोले कुटीर हनुमान मंदिर में आयोजित भव्य देवी जागरण में शामिल होकर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। आयोजन का सौजन्य एसोसिएशन की सदस्य गरिमा विश्वकर्मा ने किया। भक्ति गीतों और संगीतमय प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष चरन जीत सिंघ अरोरा, सचिव राजेंद्र वर्मा, शरद नेमा, संदीप गौर, सुरेंद्र वर्दे, आशीष सैनी, मोनिका सैनी, अनीता वर्दे, प्रतिमा चौरसिया एवं संतोष चौरसिया सहित अन्य सदस्यों ने मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर जनकल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के गणमान्य नागरिक, जागरण समिति के सदस्य, मंदिर के पुजारी एवं सेवादार भी उपस्थित रहे। एसोसिएशन के सदस्यों ने आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया। संस्था के मूल मंत्र 'सेवा परमो धर्मः' के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जरूरतमंदों की सहायता के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में योगदान देने का संकल्प दोहराया। सदस्यों ने आयोजन के लिए गरिमा विश्वकर्मा के प्रति आभार व्यक्त

नशा युवाओं के करियर में बाधक जागरूकता से ही बचाव संभव

जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग एवं नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र, अवधपुरी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था।

नशा मुक्ति केंद्र के श्री हेमंत सोलंकी ने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक नुकसान की जानकारी देते हुए कहा कि नशा विद्यार्थियों की एकाग्रता, शैक्षणिक प्रदर्शन और करियर को प्रभावित करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने



विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर के संभागीय सलाहकार प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि नशे की लत युवाओं की कार्यक्षमता और भविष्य की संभावनाओं को कमजोर करती है। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. जयराम सिंह, डॉ. पुष्पा तनेजा एवं डॉ. साधना सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ ली। आयोजन में प्राध्यापकों, कर्मचारियों सहित लगभग 55 छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।



'नाद से ध्यान तक' भजन क्लबिंग का आयोजन

जबलपुर। ओशो होम आश्रम, भेड़ाघाट की प्रेरणा से माता गुजरी कॉलेज परिसर में 'भजन क्लबिंग एवं पीस मेडिटेशन कॉन्सर्ट' का आयोजन किया गया। इसमें स्विट्जरलैंड से आए स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने युवाओं को ध्यान के महत्व से अवगत कराया। आयोजन में डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने कहा कि युवा पीढ़ी प्रतिभा और ऊर्जा से भरपूर है। ध्यान के माध्यम से इस ऊर्जा को सही दिशा देकर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने ध्यान को मानसिक शांति और गलत रास्तों से बचने का सुरक्षा कवच बताया। उन्होंने कहा कि वास्तविक भजन क्लबिंग केवल संगीत और मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और अंतरमन से जुड़ने का माध्यम है। स्वामी जी ने युवाओं से नृत्य और उत्सव को सात्विक तरीके से मनाने की अपील करते हुए शराब के स्थान पर हर्बल टी और लस्सी जैसे विकल्प अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि वे ओशो होम आश्रम में केंगरू किड्स स्कूल के बच्चों को पिछले दो वर्षों से ध्यान का प्रशिक्षण दे रहे हैं। लिटिल वर्ल्ड कैमब्रिज स्कूल में भी ध्यान कार्यशाला आयोजित की जा चुकी है। भविष्य में जबलपुर के अन्य स्कूलों और कॉलेजों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

CHANGE OF NAME

I, SUDARSHANI MIL CHAND W/O Army No. JC-88522W Rank HONY SUB MAJ Name LATE - MILCHAND resident of PLOT NO. 142, ANCHAL VIHAR ROAD, NEAR KERELA BHAWAN, KATANGA, JABALPUR (MP) - 482001 AADHAR CARD NO. 4700 9944 8331 I, have changed of my name from SUDARSHANI MANI (Name as per my Husband Army No. JC-88522W Rank HONY SUB MAJ Name LATE - MILCHAND service records)) to SUDARSHANI MIL CHAND (name as per my Aadhar Card No. 4700 9944 8331 and PAN card No. DAAPS9068F, vide affidavit dated 12/10/2026 formerly before Public Notary JABALPUR MP.
CORRECT NAME - SUDARSHANI MIL CHAND
INCORRECT NAME - SUDARSHANI MANI

NAME CORRECTION

I, Pradeep Kumar S/o Chetram Gothariya R/o Near Durga Manch, Ghursi Tola, Gram - Bargaon, Bijadandi, F. V., Mandla, Madhya Pradesh -481666, declare that in 9th class marksheet and other school documents of my minor daughter SNEHA GOUTHARIYA, aged about 14 years, Father's name is wrongly written as Pradeep Kumar GOUTHARIYA, the correct name is Pradeep Kumar also mother's name is wrongly written as YASHODA GOUTHARIYA, the correct name is YASHODA, which may be amended accordingly.

आदिवासी परिवारों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने प्रदर्शन

सीएम-कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। ग्राम पिपरसरा एवं भोरहा के आदिवासी परिवारों को वन भूमि के पट्टे, पक्की सड़क और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम पंकज मिश्रा को सौंपा।

सर्व जनजाति सेवा संघ के लेटर पैड पर सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पिपरसरा, ग्राम पंचायत अतरिया (पौड़ी खुर्द), तहसील सिहोरा में लगभग 600 आदिवासी परिवार निवास करते हैं। वर्ष 1981-82 में विस्थापित कर बसाए गए इन परिवारों को अब तक वन भूमि के पट्टे एवं



नियमानुसार मालिकाना हक नहीं मिला है। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं के अभाव की समस्या भी उठाई। प्रदर्शन में इंडिया गठबंधन, जबलपुर के संयोजक रामरतन यादव, संघ अध्यक्ष इन्द्र कुमार कुलस्ते, घनश्याम यादव, सुनील सयाम, अनूप सयाम, कांटा मार्को, राम सिंह, संतोष यादव, बेल सिंह कुन्जाम, मधु सिंह मरावी, सुमेरा यादव, एडवोकेट विनय भगत, गोविंद सिंह, धनुआ कुलस्ते, सुनील मरावी, कमल सिंह, हल्कू सिंह गौड़, हेमराज सिंह गौड़, पवन बरकड़े, धर्म सिंह, भागचंद, आत्माराम, सुभद्रा बाई, सुनीता बाई, लामिया बाई, भूखा सिंह, दुर्जन सिंह, चंद्रभान सिंह, सुमेरा लाल एवं डुमरी सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नज़र खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लॉन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा



मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'

द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल पौराणिक दुनिया को आगे बढ़ाती है। ग्राफिक इंडिया के इस प्रोडक्शन को जीवन जे. कांग और नवीन जॉन ने डायरेक्ट किया है और शरद देवराजन, जीवन जे. कांग, सरवत चड्ढा और शिवांगी सिंह ने लिखा है।

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायणः पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम् जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम् के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

रामायणः पार्ट- नवंबर 2026

वाल्मिकी रामायण- 2026 (संभावित)

तेरा साईं- फरवरी 2027

चिरंजीवी हनुमानः द इटरनल- फरवरी 2027 (संभावित)

हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा- 2027

कृष्णावतारम पार्ट 2- 2027 में संभावित

महावतार परशुराम- दिसंबर 2027

राम बोला- 2027 में फ्लोर पर आएगी

हनुमान अंश 2- अनाउंस नहीं हुई है।